# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



शराब पीने के बाद अकड़ने लगे हाथ पैर, शरीर पड़ गया नीला, 14 की मौत






# सागर कांड से सबक, छग की सभी 701 शराब दुकानों में हर एक बोतल की होगी जांच, देखेंगे नकली या जहरीली तो नहीं!

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मप्र के सागर में जहरीली शराब से बड़ी संख्या में लोगों की मौत के मद्देनजर अब छत्तीसगढ़ में बेहद सतर्कता बरती जाएगी। राज्य में शराब की 701 दुकानों में अधिकारी जाकर एक-एक बोतल की जांच करेंगे। यही नहीं अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले स्पिरिट की उपलब्धता और उसके इस्तेमाल पर भी नजर रखने को कहा है। आबकारी अमला उन जगहों पर भी रेड करेगा जहां अवैध शराब बनाने का काम होता है, इसके लिए जंगल और जलस्त्रोतों के आसपास भी जांच पड़ताल की जाएगी। ▶▶| शेष पेज 8 पर

### सागर कांड का हवाला

आबकारी विभाग का यह निर्देश मध्य प्रदेश के सागर में जहरीली शराब के सेवन से लोगों की मौत और कई लोगों के गंभीर रूप से बीमार होने की घटना का उल्लेख करते हुए जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि ऐसी घटनाओं से राज्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय एवं गंभीर घटना न हो, इसके लिए जिलों में आबकारी तंत्र को सक्रिय करते हुए तत्काल प्रभाव से कठोर और प्रभावी कार्रवाई की जाए।

## जंगलों से लेकर दुर्गम क्षेत्रों के जलस्रोतों तक की जाएगी गश्त

### जंगल और जलस्रोतों के आसपास गश्त

आदेश में अवैध कच्ची शराब बनाए जाने की संभावनाओं वाले इलाकों को भी विशेष रूप से चिह्नित किया गया है। दुर्गम क्षेत्र, जलस्रोतों के आसपास के तटवर्ती इलाके और वनांचल, जहां अवैध शराब निर्माण की आशंका रहती है, वहां लगातार गश्त करने को कहा गया है।अवैध शराब निर्माण की जगह मिलने पर वहां मौजूद सामग्री ▶▶| शेष पेज 8 पर



### अवैध स्पिरिट और कच्चे माल की जांच

*विभाग ने अवैध स्पिरिट की उपलब्धता और उसके इस्तेमाल पर भी नजर रखने को कहा है। यह पता लगाया जाएगा कि कहीं अवैध स्पिरिट का इस्तेमाल शराब बनाने या किसी अन्य अवैध कारोबार में तो नहीं किया जा रहा है।* ▶▶| शेष पेज 8 पर

### शराब दुकानों का नियमित और अचानक जांच

बताया गया है कि राज्य भर में 701 शराब दुकानों में जांच संबंधी निर्देश में कहा गया है कि आबकारी अधिकारी इन सभी दुकानों में जाकर वहां रखी शराब की हर बोतल, अद्धी और पौवा की शीशी की जांच करेंगे। जिले की सभी देशी और विदेशी मदिरा दुकानों का आबकारी अधिकारियों द्वारा नियमित और आकस्मिक निरीक्षण कराया जाएगा। विभाग ने यह तय करने को कहा है कि दुकानों में किसी भी स्थिति में अवैध शराब, नॉन-ड्यूटी पेड मदिरा, लिकर, मिलावटी या संदिग्ध जहरीली शराब मौजूद न हो। जब्त शराब के नमूनों की होगी रासायनिक ▶▶| शेष पेज 8 पर

- सीमावर्ती चौकियों पर नाकाबंदी और कोचियों पर निगरानी के निर्देश
- यही नहीं, अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले स्पिरिट की उपलब्धता और उसके इस्तेमाल पर भी नजर रखने को कहा
- आबकारी अधिकारियों द्वारा नियमित और आकस्मिक निरीक्षण कराया जाएगा

# भारत, रूस की दोस्ती का 'पावर शो' मोदी-पुतिन ने दुनिया को दिया संदेश

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने आए रूसी राष्ट्रपति से हुई द्विपक्षीय बैठक

*भारत की मेजबानी में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुलाकात की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी को रूस आने का न्योता दिया। पीएम मोदी ने उसे स्वीकार भी किया। चर्चा के दौरान मोदी ने यूक्रेन संघर्ष खत्म कराने में मदद को तैयार हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ व्यापक मुद्दों पर वार्ता की। इस वार्ता में मुख्य रूप से वर्ष 2030 तक वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने तथा रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

पुतिन के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार सुबह नयी दिल्ली पहुंचने के कुछ घंटे बाद दोनों नेताओं के बीच वार्ता हुई। भारत ने रूस में भारतीय निर्यातकों के लिए ▶▶| शेष पेज 8 पर

### खास बातें

- आज से शुरू होगा दिल्ली में 18वां ब्रिक्स सम्मेलन
- रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा
- पुतिन ने दिया मोदी को रूस आने का न्योता
- मोदी बोले- यूक्रेन संघर्ष खत्म कराने में मदद को तैयार




### यूक्रेन संघर्ष, यह बोले मोदी

बैठक के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का न्योता दिया। मोदी ने इस निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। यह यात्रा 24वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत का रुख एक बार फिर साफ किया। मोदी ने कहा कि संघर्षों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकाला जा सकता है। उन्होंने भारत की ओर से शांति प्रयासों में मदद की पेशकश करते हुए कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष को खत्म कराने की कोशिशों में सहयोग के लिए तैयार है।

### एक मंच,11 देश

भारत मंडपम में होने वाले 18वें शिखर सम्मेलन में 11 सदस्य देश जुटेंगे। ब्रिक्स दुनिया की 11 प्रमुख विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसके सदस्य देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और इंडोनेशिया शामिल हैं। बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम पिछले साल ब्रिक्स के साझेदार देश बने।

### ब्रिक्स सम्मेलन की अहमियत

शिखर सम्मेलन के दौरान जहां वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी, वहीं प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय बैठकों के जरिए भारत अलग-अलग देशों के साथ अपने रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर हादसा

# हसदेव में बहे इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्र, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**सेल्फी लेते समय एक फिसला उसे बचाते दो और बहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिले देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर फिर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां बिलासपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से पिकनिक मनाने आए तीन छात्र हसदेव नदी में बह गए। बताया जाता है कि सेल्फी लेने के दौरान एक छात्र का अचानक पैर फिसल गया और वह नदी के तेज बहाव में जा गिरा। उसे बचाने के लिए नदी में कूदे दो अन्य छात्र भी तेज धार की चपेट में आ गए। गोताखोरों की टीम देर शाम तक तलाश करती रही लेकिन तीनों का कहीं कोई पता नहीं चला।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार 11 सितंबर को बिलासपुर के चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले चार छात्र और चार छात्राएं फोर व्हीलर में ▶▶| शेष पेज 8 पर





### कर रहे तलाश

*नदी में छात्रों के बहने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की टीम बुलाई गई है, सर्च ऑपरेशन तत्काल शुरू किया गया, फिलहाल तीनों छात्रों का कोई सुराग नहीं मिला है। रेस्क्यू टीम लगातार तलाश में जुटी हुई है।*

*- योगिता बाली खापर्डे*
*सीएसपी, जांजगीर चाम्पा*









## शिकायत की जांच और सिफारिश कर सकता है एससी आयोग, अपराध सिध्द होने का निष्कर्ष नहीं दे सकता

### अनुसूचित जाति आयोग के अधिकार क्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण फैसला

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने अनुसूचित जाति आयोग के अधिकार क्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि आयोग शिकायत की जांच कर सकता है और तथ्यों के आधार पर संबंधित सरकार या प्राधिकरण को कार्रवाई की सिफारिश कर सकता है, लेकिन वह किसी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक अपराध सिद्ध होने का निष्कर्ष नहीं दे सकता। यह अधिकार आपराधिक न्यायालय के क्षेत्र में आता है।



कोर्ट ने कोरबा के असिस्टेंट प्रोफेसर मृगेश कुमार यादव के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा, एफआईआर दर्ज कराने की सिफारिश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया है। आयोग ने अपनी सिफारिश में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1) के तहत लगाए गए आरोप को प्रमाणित माना था। हाईकोर्ट ने इसे आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए आयोग के निर्देश को रद्द कर दिया है।

#### नकल पकड़ने के बाद शुरू हुआ विवाद

याचिकाकर्ता मृगेश कुमार यादव असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है, उनकी नियुक्ति राज्य सरकार ने 23 नवंबर 2012 को की थी। वर्तमान में वे शासकीय महाविद्यालय बरपाली, जिला कोरबा में पदस्थ है। परीक्षा के दौरान एक छात्रा को कथित रूप से नकल करते हुए मृगेश कुमार यादव और एक अन्य शिक्षिका खुशबू तिवारी ने पकड़ा था। इसके बाद छात्रा ने मृगेश के खिलाफ राज्य अनुसूचित जाति आयोग, रायपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में नकल करने की बात को लेकर उसे दबाव में ले रहे थे और उसे परेशान कर रहे थे।

#### आयोग ने नोटिस देकर मांगा था जवाब

शिकायत मिलने के बाद आयोग ने 21 जनवरी 2020 को मृगेश कुमार यादव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता ने 3 फरवरी 2020 को विस्तृत जवाब प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने जवाब के साथ संबंधित दस्तावेज भी आयोग के समक्ष रखे। याचिकाकर्ता का कहना था कि इसी तरह के आरोपों को लेकर पहले जांच हो चुकी थी और शिकायत को झूठा पाया गया था। उन्होंने जांच से संबंधित दस्तावेज भी आयोग को उपलब्ध कराया था। इसके बावजूद आयोग ने 16 मार्च 2021 को मृगेश कुमार यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश कर दिए।

## युवा आवाज कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर संस्कार द्वारा जेसीआई वीक 2026 के दूसरे दिवस पर युवा आवाज कार्यक्रम का आयोजन आंजनेय विश्वविद्यालय रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डायनेमिक जोन प्रशिक्षक जेसी गौरव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक पहल के विषय में प्रेरणादायी प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत 60 सेकंड युवा आवाज, नेतृत्व चुनौती, मेरा विचार-मेरा रायपुर विचार दीवार एवं युवा मुक्त मंच जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं।






## जो प्रकरण हाईकोर्ट के आदेश से 9 महीने पहले ही तय हो चुका उसे कमिश्नर को 30 दिन में फैसला करने का निर्देश

### कोर्ट ने राज्य शासन की रिव्यू याचिका मंजूर करते हुए अपने पुराने आदेश में संशोधन किया

**बिलासपुर।** एक मामले में छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट ने पाया कि जिस राजस्व प्रकरण को लंबित बताते हुए बिलासपुर संभाग के कमिश्नर को 30 दिन में फैसला करने का निर्देश दिया गया था, वह प्रकरण हाई कोर्ट के आदेश से करीब 9 महीने पहले ही तय हो चुका था। कोर्ट ने राज्य शासन की रिव्यू याचिका मंजूर करते हुए अपने पुराने आदेश में संशोधन कर दिया है। हाईकोर्ट ने राज्य की रिव्यू याचिका को स्वीकार करते हुए 6 मई 2026 के आदेश में संशोधन किया। आदेश के पैराग्राफ 8, 9 और 10 को हटा दिया गया। हालांकि कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि कमिश्नर द्वारा छह अगस्त 2025 को पहले ही पारित किए जा चुके आदेश को चुनौती देने के लिए संबंधित पक्ष स्वतंत्र हैं। वे उस आदेश के खिलाफ कानून के अनुसार उचित कार्यवाही कर सकते हैं।

राज्य शासन की ओर से पेश शासकीय अधिवक्ता सब्यसाची चौबे ने बताया कि हाईकोर्ट ने छह मई 2026 को आदेश पारित किया था। इसमें बिलासपुर संभाग के कमिश्नर को राजस्व अपील, प्रकरण का लंबित मामला 30 दिन के भीतर, यथासंभव शीघ्र, तय करने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट के आदेश पर संभागायुक्त ने 6 अगस्त को प्रकरण का निराकरण करते हुए अपना फैसला सुना दिया था। संभागायुक्त के फैसले के बाद राज्य सरकार के संज्ञान में आया कि यही राजस्व प्रकरण ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज था और हाईकोर्ट का छह मई 2026 का आदेश आने से करीब 9 महीने पहले ही राजस्व कार्यवाही का अंतिम निर्णय हो चुका था।

#### आदेश की जानकारी कोर्ट के सामने नहीं आई

राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट को बताया, 6 अगस्त 2025 का कमिश्नर का आदेश हाई कोर्ट के समक्ष 6 मई 2026 को हुई सुनवाई के दौरान नहीं रखा गया। इसके कारण कोर्ट ने मामले को लंबित समझते हुए कमिश्नर को इसे 30 दिन में निपटाने का निर्देश दे दिया। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया, याचिकाकर्ता ने महत्वपूर्ण तथ्य कोर्ट के समक्ष नहीं बताया और अधूरी जानकारी के आधार पर ऐसा आदेश प्राप्त कर लिया है, जिसका पालन किया जाना संभव ही नहीं था। राज्य सरकार ने कोर्ट के पूर्व के आदेश के मद्देनजर, आदेश के पैराग्राफ 8, 9 और 10 की समीक्षा कर उन्हें हटाने की मांग की।

#### हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड देखकर मानी तथ्यात्मक चूक

याचिका की सुनवाई जस्टिस एके श्रीवास्तव के सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने 6 अगस्त 2025 को कमिश्नर, बिलासपुर संभाग द्वारा पारित आदेश का अवलोकन किया। कोर्ट ने कहा कि यह तथ्य 6 मई 2026 को आदेश पारित करते समय उसके संज्ञान में नहीं लाया गया था। इसके परिणामस्वरूप कोर्ट ने मामले को लंबित मानते हुए कमिश्नर को 30 दिन में निर्णय लेने का निर्देश दे दिया, जबकि कार्यवाही पहले ही अंतिम रूप ले चुकी थी।

## भंडारा में खड़े ट्रक में घुसी कार, 9 की मौत इनमें कवर्धा के पांच और गंडई के तीन

### तीज मनाने जा रहे थे नागपुर, हादसे के बाद गांवों में कोहराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव/कवर्धा

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के 8 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 6 महिलाएं और 3 मासूम बच्चे शामिल हैं। इस भीषण दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के 3 लोगों की भी जान चली गई है, वहीं कबीरधाम जिले के पांच लोग शामिल हैं। दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। दुर्घटना के शिकार लोग तीज मनाने नागपुर जा रहे थे। हादसा नागपुर-रायपुर हाईवे पर मुंडिपार और पिंपलगांव के बीच रात करीब 3 बजे हुआ। छत्तीसगढ़ से तीज पर्व मनाने नागपुर जा रहे यात्रियों से भरी एक बोलेरो सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में 16 से 17 लोग सवार थे। दुर्घटना में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल महिला ने नागपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। जान गंवाने वाले तीन बच्चों की उम्र 5 वर्ष से कम बताई जा रही है।



#### इनकी हुई मौत

*सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 8 मृतकों में जामबाई रामअवतार वर्मा (उम्र 50 वर्ष, निवासी एकता नगर, भांडेवाड़ी, नागपुर), मिनाक्षी राजकुमार वर्मा (उम्र 26 वर्ष, निवासी बिचारपुर, जिला लोहारा, छत्तीसगढ़), गायत्री रूपेश उईके (उम्र 30 वर्ष, निवासी चिचोला, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़), कु. स्विटी रूपेश उईके (उम्र 6 वर्ष, निवासी चिचोला, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़), धैर्य रूपेश उईके (उम्र 4 वर्ष, निवासी चिचोला, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़), सरिता विजय वर्मा (उम्र 30 वर्ष, निवासी बिचारपुर, जिला लोहारा, छत्तीसगढ़), कु. ग्रिशा राजकुमार वर्मा (उम्र 2 वर्ष, निवासी बिचारपुर, जिला लोहारा, छत्तीसगढ़) और राजकुमारी प्रल्हाद पटेल (उम्र 35 वर्ष, निवासी बीजा, तहसील लोहारा, कबीरधाम, छत्तीसगढ़) शामिल हैं।*

#### घायलों का इलाज जारी

बोलेरो चालक सहित कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को पहले साकोली अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भंडारा मेडिकल कॉलेज और फिर गंभीर स्थिति को देखते हुए नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और यह जांच कर रही है कि सड़क पर खड़े ट्रक में कोई संकेतक पार्किंग लाइट/रिफ्लेक्टर था या नहीं, जिससे चालक को वह दिखाई नहीं दिया।

#### मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों की टीम रवाना

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाराष्ट्र के भंडारा जिले में नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के नागरिकों के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री साय ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार एवं स्थानीय प्रशासन से निरंतर समन्वय किया जा रहा है। घायलों के समुचित उपचार और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ से अधिकारियों की एक टीम घटनास्थल के लिए भेज दी गई है। छत्तीसगढ़ सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।*

## कृषि शिक्षक के 1654 पदों पर भर्ती, नियमों का उल्लंघन, हाईकोर्ट में याचिका दायर

बिलासपुर। लोक शिक्षण संचालनालय के अंतर्गत कृषि शिक्षक पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, शिक्षक ई संवर्ग के 868 और टी संवर्ग के 786 यानी कुल 1654 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए स्नातक अहर्ता मांगी गई है। इसी का विरोध करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि एनसीटीई( नेशनल टीचर काउंसिल फार एजुकेशन) मतलब कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की ओर से 2014 में एक आदेश जारी किया गया था। इसमें कहा गया कि 11 वीं और 12 वीं कक्षाओं को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की अनिवार्य योग्यता स्नातकोत्तर होनी चाहिए। राज्य शासन ने लेकिन सिर्फ स्नातक की पात्रता रखी है। यह नियमों का उल्लंघन है। याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य शासन से जवाब मांगा है।

राज्य शासन ने जो विज्ञापन जारी किया है उसके मुताबिक इन शिक्षक पदों के लिए आवेदन के लिए अभ्यर्थी के पास स्नातक और प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा या 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक व बीएड में एक वर्षीय स्नातक या 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक व चार वर्षीय बीएएड, बीएससीएड, बीएड हो, या 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक व बीएड विशेष शिक्षा में एक वर्षीय स्नातक के साथ ही टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके खिलाफ गजानंद और अन्य उम्मीदवारों ने एडवोकेट ईशान वर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में नियमों का पालन नहीं करने की बात कही गई है। कहा गया है कि एनसीटीई के तहत पात्रता स्नातकोत्तर की जाए। राज्य शासन के नोटिफिकेशन के अनुसार, शिक्षक ई संवर्ग में कुल 868 और टी संवर्ग में 786 पदों पर भर्ती की जाएगी। ई संवर्ग में रायपुर संभाग में 209, सरगुजा में 40, बिलासपुर में 270, दुर्ग में 354 पद है। वहीं टी संवर्ग में सरगुजा संभाग में में 265, बिलासपुर में 130, रायपुर में 56, दुर्ग में 50, बस्तर में 285 शिक्षकों के पद है। विषय वार शिक्षकों की बात की जाए तो ई संवर्ग में हिन्दी विषय के 109, संस्कृत के 150, अंग्रेजी के 319, गणित के 135, सामाजिक विज्ञान के 150 और कृषि के 5 शिक्षक पदों पर भर्ती की जाएगी। ऐसे ही टी संवर्ग में हिन्दी विषय के 141, संस्कृत के 150, अंग्रेजी के 185, गणित के 115, सामाजिक विज्ञान के 100 और कृषि के 95 पदों पर भर्ती होगी। इधर आवेदन प्रक्रिया में खास बात यह है कि शिक्षक पदों के लिए बीएड के साथ टीईटी अनिवार्य है लेकिन कृषि शिक्षकों के लिए यह अनिवार्यता नहीं रखी गई है। कृषि शिक्षकों के पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के लिए केवल बीएड अनिवार्य है टीईटी नहीं। निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षक कृषि की पदस्थापना हायर सेकंडरी विद्यालयों में की जाती है इसलिए बीएड उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा लेकिन टीईटी उत्तीर्ण अनिवार्य नहीं है।

## बैंक बदलने के लिए नहीं लेना पड़ेगा नया टैग

### स्टिकर बदले बिना बैंक बदलने की 'वन टैग' सर्विस शुरू

## फास्टैग अब मोबाइल नंबर की तरह होगा पोर्ट

- गडकरी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में नई सुविधा लॉन्च की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास खबर**

फास्टैग यूजर्स के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब अगर आप अपने फास्टैग जारी करने वाले बैंक की सर्विस से परेशान हैं या किसी दूसरे बैंक की सुविधा लेना चाहते हैं, तो आपको नया फास्टैग खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार फास्टैग को मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तर्ज पर एक बैंक से दूसरे बैंक में पोर्ट करने की सुविधा शुरू करने जा रही है। यानी वाहन पर लगा फास्टैग वही रहेगा, लेकिन उसका इशुअर बैंक बदला जा सकेगा।




#### देश में 13 करोड़ फास्टैग जारी

भारत में फास्टैग के जरिए डिजिटल टोल कलेक्शन तेजी से बढ़ा है। सरकार के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों पर करीब 98 प्रतिशत टोल कलेक्शन डिजिटल तरीके से फास्टैग के जरिए हो रहा है। देश में अब तक करीब 13 करोड़ फास्टैग जारी किए जा चुके हैं। इतने बड़े यूजर बेस को देखते हुए फास्टैग से जुड़ी सेवाओं को ज्यादा आसान और सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया जा रहा है। वन टैग सुविधा इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव हो सकती है।

#### फास्टैग पोर्ट करने पर नहीं बदलेगा टैग

*नई व्यवस्था के तहत फास्टैग यूजर को बैंक बदलने के लिए पुराने फास्टैग को वाहन से हटाने की जरूरत नहीं होगी। मौजूदा टैग को ही दूसरे बैंक के साथ जोड़ा जा सकेगा। इसका मतलब है कि मोबाइल नंबर पोर्ट करने की तरह फास्टैग भी पोर्ट होगा और ग्राहक अपनी पसंद का नया बैंक या फास्टैग इश्यूअर चुन सकेगा।*

#### टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत भी होगी कम

सरकार सिर्फ फास्टैग पोर्ट की सुविधा तक सीमित नहीं रहना चाहती। आने वाले समय में टोल कलेक्शन को एआई, बैरियर फ्री टोलिंग और फ्री फ्लो मोबिलिटी जैसी तकनीकों से और बेहतर बनाने की तैयारी है। इसका उद्देश्य टोल प्लाजा पर वाहनों को रोकने की जरूरत को कम करना है। यानी भविष्य में टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर भुगतान करने के बजाय वाहन बिना रुके आगे बढ़ सकेंगे। एआई और नई तकनीक की मदद से टोल पहचान और भुगतान की प्रक्रिया को ज्यादा तेज और ऑटोमेटेड बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

## कन्वेंशनल हॉल के डिजाइन में मिलीं तकनीकी खामियां

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने निर्माण कार्यों में तकनीकी गुणवत्ता, डिजाइन की शुद्धता और सुरक्षा मानकों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए वास्तुविद फर्म जीटी डिजाइन स्टूडियो रायपुर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए न केवल उसका अनुबंध निरस्त कर दिया है, बल्कि भविष्य में मंडल से संबंधित योजनाओं के लिए फर्म को ब्लैक लिस्टेड भी किया है। बताया गया कि यह कार्रवाई जिला कोरबा में निर्मित कन्वेंशनल हॉल के निर्माण की डिटेल डिजाइन में त्रुटियां एवं तकनीकी प्रस्ताव में कमियां पाए जाने के पर की गई है।

मंडल के निर्देश के अनुसार जीटी डिजाइन स्टूडियो रायपुर द्वारा वर्तमान में विभिन्न संभागों के अंतर्गत वास्तुविद संबंधी कार्य, योजनाओं में अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इनमें रिडेवलपमेंट योजना, कैलाश नगर, राजनांदगांव, रिडेवलपमेंट योजना, रामानुजगंज, जिला बलरामपुर, आवासीय योजना, कबीर नगर फेस-2 (5 एकड़ भूमि) तथा अटल विहार योजना, बंधी, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही शामिल हैं। इन संबंधित योजनाओं के कार्यपालन अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे फर्म को लिखित रूप से सूचित करते हुए अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई करें। अनुबंध समाप्ति के बाद इन योजनाओं में फर्म द्वारा किसी भी प्रकार का आगामी कार्य नहीं किया जाएगा। साथ ही नियमानुसार किसी भी प्रकार के दावे का भुगतान भी नहीं किया जाएगा। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा गत दिनों वास्तुविदों की बैठक हुई। इसमें कर निर्माण कार्यों में तकनीकी गुणवत्ता, डिजाइन की शुद्धता एवं सुरक्षा मानकों के पालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए थे। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया था कि निर्माण कार्यों में डिजाइन संबंधी त्रुटि पाए जाने पर संबंधित वास्तुविद फर्म की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की योजनाएं सीधे आम लोगों के हितों से जुड़ी हुई है।




बिलासपुर, शनिवार 12 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया | वर्ष : 26, अंक : 172 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4 .00***
haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुल का निर्माण पूरा होने तक स्कूली बच्चों और क्षेत्रवासियों को किसी भी परिस्थिति में जोखिम उठाकर आवागमन न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन तत्काल सुरक्षित और सुगम वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्माणाधीन पुल स्थल पर सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध तत्काल करने के निर्देश दिए। उन्होंने खुले एवं खतरनाक तरीके से लगे सरियों को सुरक्षित करने, गहरे गड्ढों और अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों को दुरुस्त करने तथा आवश्यकता के अनुसार बैरिकेडिंग सहित सभी जरूरी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा।





# अधूरे पुल पर सीएम गंभीर, कहा-देरी बर्दाश्त नहीं, बारिश में स्पॉट पर पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर पर खुद संज्ञान लिया है। गरियाबंद के खामभाट में अधूरे पुल पर 20 फीट की सीढ़ी चढ़कर जा रहे बच्चों और ग्रामीण की परेशानी सामने आने के बाद मुख्यमंत्री ने ▶▶|शेष पेज 8 पर

- गरियाबंद के खामभाठा में निर्माणाधीन पुल से बच्चों और ग्रामीणों को हो रही परेशानी पर मुख्यमंत्री गंभीर
- कलेक्टर से फोन पर की बात, कहा- समयसीमा में पुल निर्माण पूरा हो







### राज्य के सभी कलेक्टरों को दिए ये निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि ▶▶|शेष पेज 8 पर

### गरियाबंद कलेक्टर को खुद दिए ये निर्देश

श्री साय ने गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत खामभाठा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल के कारण स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को ▶▶|शेष पेज 8 पर

### बरसते पानी में पहुंचे कलेक्टर, ठेकेदार और अफसरों को लगाई फटकार

*इधर गरियाबंद जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा शुक्रवार को दोपहर बाद खुद मैनपुर पहुंचे। झमाझम बारिश के बीच स्वयं कलेक्टर, विधायक जनक ध्रुव के साथ छाता लेकर पुल की खतरनाक सीढ़ियों पर चढ़े और बच्चों के आने जाने की परेशानियों को महसूस किया। साथ ही ठेकेदार और लोक निर्माण सेतु संभाग के अफसरो को मौके पर जमकर फटकार लगाई । कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि यदि* ▶▶|शेष पेज 8 पर

सक्ती में पीएम आवास योजना-ग्रामीण का हुआ गृह प्रवेश समारोह शामिल हुए कृषि मंत्री

# शिव-विष्णु ने दो लाख 'बेघरों' को सौंपी खुशियों की चाबी, गृह प्रवेश में हुए शामिल



*प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के राज्यस्तरीय गृह प्रवेश समारोह के तहत सक्ती में शुक्रवार को 2 लाख नवनिर्मित आवासों का गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से उनके नए घरों की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने राज्य की साय सरकार की जमकर तारीफ की।*

*सक्ती में खुलेगा कृषि विज्ञान केंद्र, बस्तर में पीएम आवास सर्वे की समय-सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ी*

*पीएम आवास योजना ने लाखों गरीब परिवारों के पक्के घर का सपना किया साकार : चौहान*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

खास खबर

सक्ती के जेठा मैदान में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने राज्य की विष्णु देव सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि यहां योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। हर रोज 1600 से अधिक प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हो रहे हैं। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण इसी ▶▶|शेष पेज 8 पर

### केंद्रीय राज्यमंत्री साहू व उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भी कार्यक्रम को किया संबोधित

कार्यक्रम को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चन्देल, पूर्व मंत्री मेघाराम साहू, पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, डॉ. खिलावन साहू, संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गरीब का पक्का घर हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : साय

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि चौहान का छत्तीसगढ़ के प्रति विशेष स्नेह रहा है और उनके प्रत्येक प्रवास से प्रदेश को विकास की नई सौगातें मिली हैं। साय ने कहा कि गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। राज्य सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति देकर अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी थी। पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 11.50 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए जा चुके हैं।

पंडरी पुलिस जांच में जुटी

# मेडिकल छात्र की नशीली दवा के ओवरडोज से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र के बालाजी मेडिकल कालेज में नशीली दवा के ओवरडोज लेने से एक छात्र की शुक्रवार रात मौत हो गई। छात्र नशीली दवा लेने का आदी था या अचानक लिया, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच के बाद कुछ बता पाने की बात कह रही है। छात्र के कमरे से एनेस्थीसिया में इस्तेमाल फेंटानिल नामक दवा ▶▶|शेष पेज 8 पर



### एक दिन पूर्व घर से लौटा था

घटना दिनांक को ही छात्र अपने गांव से लौटा था। वह जिस दोस्त के रूम में मिलने के लिए गया था, वो दो दिन पूर्व घर से लौटा था। पुलिस प्रारंभिक तौर पर इसे खुदकुशी मान रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस मौत का सही कारण बता पाने की बात कह रही है।

### दो एमएल फेंटानिल से मौत हो सकती है

फेंटानिल एक अत्यधिक शक्तिशाली सिंथेटिक ओपिऑइड दर्द निवारक दवा है, जो मॉर्फिन से लगभग 100 गुना और हेरोइन से 50 गुना अधिक असरदार होती है। इसका उपयोग सर्जरी, गंभीर चोट या कैंसर से जुड़े असहनीय दर्द को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। इसे बेहोशी या सर्जरी से पहले और सर्जरी के ▶▶|शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### बीएमडब्लू इंडिया के नए ब्रांड एंबेसडर रणवीर सिंह

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में बीएमडब्लू इंडिया ने शुक्रवार को अपनी नई बीएमडब्लू 7 सीरीज रेंज लॉन्च की। इस खास मौके पर बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह को बीएमडब्लू इंडिया का नया ब्रांड एंबेसडर के तौर पर पेश किया गया। लॉन्च इवेंट में नई बीएमडब्लू 7 सीरीज रेंज से पर्दा रणवीर सिंह ने उठाया।



### कश्मीर : पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सुरक्षा बलों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसे हिरानगर सेक्टर के बोबिया इलाके में सीमा पर लगी फेंसिंग के पास पकड़ा गया। सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार व्यक्ति की उम्र करीब 60-65 साल है। सुरक्षा बलों ने पाक नागरिक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उसकी मौजूदगी के मकसद की जानकारी जुटाई जा रही है।

# मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बड़े भाई ढालदास ने किया कांग्रेस प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की भाजपा सरकार में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बड़े भाई ढालदास ने कांग्रेस प्रवेश किया है। बताया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें तीजा-पोरा त्योहार के दौरान कांग्रेस प्रवेश कराया है। ढालदास में कांग्रेस प्रवेश के बाद कहा है कि पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो वे विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने मुंगेली सीट को अपनी पसंद बताया है। राज्य में हालांकि विधानसभा चुनाव में अभी काफी समय है, लेकिन इससे पहले ढालदास का कांग्रेस प्रवेश काफी अहम माना जा रहा है। वे राज्य सरकार में ▶▶|शेष पेज 8 पर

- पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कराया प्रवेश

### सतनामी समाज की राजनीति पर असर

ढालदास के कांग्रेस में आने से राज्य की एससी सीटों पर राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना है। राज्य में इस समुदाय का राजनीति में काफी असर है। ढालदास ने मुंगेली सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जता दी है। यह सीट बिलासपुर संभाग की है, जहां से भाजपा के वरिष्ठ एससी नेता पुन्नूलाल ▶▶|शेष पेज 8 पर

# बिजली विभाग के दो कर्मचारियों को पूर्व आईपीएस देवांगन ने बनाया बंधक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चंगोराभाठा की महिला जेई अंजली नामदेव और उनके सहयोगी जगन मोहनराव को पूर्व आईपीएस राजकुमार देवांगन ने अपने दफ्तर में शुक्रवार की शाम को बंधक बना लिया। बिजली विभाग के ये कर्मचारी शिकायत पर जांच करने गए थे। विभाग को शिकायत मिली थी कि घरेलू कनेक्शन में दफ्तर चलाया जा रहा है। बंधक बनाए गए कर्मचारियों को डीडी नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छुड़ाया। इंद्रप्रस्थ कालोनी में एक घरेलू कनेक्शन ▶▶|शेष पेज 8 पर

- शिकायत पर जांच करने गए थे, घरेलू कनेक्शन में चल रहा था दफ्तर

### पुलिस ने छुड़ाया

अंजली नामदेव के मुताबिक उन्होंने बंधक बनाए जाने की जानकारी अपने अधिकारियों को दी। इसके बाद चंगोराभाठा के एई गुलाब साहू और रायपुर पश्चिमी संभाग के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे द्वारा पुलिस के साथ शाम को हमें छुड़ाया गया। देवांगन घर में छत्तीसगढ़ बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दफ्तर चला रहे हैं और इस दफ्तर के लिए घरेलू कनेक्शन का उपयोग किया जा रहा है।






जासूसी कांड के बाद अहम बदलाव

# पाकिस्तान यात्रा के नियम बदले प्राइवेट स्पॉन्सर टूर पर लगी रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सामने आए पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क और हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के मामले के बाद केंद्र और हरियाणा सरकार ने भारत-पाकिस्तान धार्मिक यात्राओं के नियम बदल दिए हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और वहां के प्राइवेट टूर ऑपरेटर धार्मिक यात्रा के नाम पर भारतीय नागरिकों को स्पॉन्सर करते हैं, ताकि उनसे जासूसी करा सकें।

### पहले प्राइवेट एजेंसियां कराती थीं पाकिस्तान की यात्रा

पहले पाकिस्तान की निजी ट्रैवल एजेंसियां भारतीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और कुछ मामलों में इन्फ्लुएंसर्स को स्पॉन्सरशिप लेटर उपलब्ध कराती थीं। इसके आधार पर वीजा प्रक्रिया आगे बढ़ती थी। यात्री पाकिस्तान पहुंचने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से ठहरने और घूमने की व्यवस्था का लाभ लेते थे। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इसी तरह के संपर्कों का इस्तेमाल संवेदनशील जानकारियां जुटाने के लिए किया जा सकता है।

PATANJALI® wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy
+91-8954666111

पतंजलि वेलनेस योगग्राम निरामयम्



NABH ACCREDITED AH-2026-0472

सिर्फ 7 दिनों में मोटापा, बीपी, शुगर, थायराइड, चर्म रोग, इनफर्टिलिटी, पाइल्स, क्रोनिक लिवर, क्रोनिक किडनी, क्रोनिक कब्ज, कोलाइटिस, अर्थराइटिस, हार्ट प्रॉब्लम एवं सभी लाइफस्टाइल और क्रोनिक डिजीज को जड़ से मिटायें

सात से दस दिन के आवासीय उपचार के दौरान पंचकर्म, षट्कर्म, शंखप्रक्षालन, कोलोन थेरेपी, बस्ति, शिरोधारा, कर्णपूर्ण, अभ्यंग, वात मोक्षण, श्रृंगी चिकित्सा, लीचथेरेपी, अग्निकर्म, कर्ण भेद, ओजोन थेरेपी, स्वेदन, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, योगिक फिजियोथेरेपी, यज्ञ चिकित्सा, मंत्र चिकित्सा आदि लगभग 500 प्रकार की थेरेपी से पूरे शरीर का कायाकल्प (डिटॉक्स) करायें तथा वात, पित्त एवं कफ त्रिदोषों का संतुलन करके शरीर के रिजुविनेशन और ट्रांसफॉर्मेशन के लिए आप सादर आमंत्रित हैं।





7 दिन की बुकिंग में 10% एवं 10 दिन या उससे अधिक की बुकिंग में 20% की विशेष छूट का उपहार

इंटीग्रेटेड एवं वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं



कोलोन थैरेपी | अक्षितर्पण | श्रृंगी चिकित्सा | शिरोधारा | अभ्यंग | स्वेदन | पत्रपिण्ड स्वेदन

पतंजलि वेलनेस एवं योगग्राम में रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें:

कॉल करें: 8954-666-111 , 8954-666-222

मिलिट्री, पैरामिलिट्री एवं केंद्र सरकार में सेवारत कर्मचारियों तथा प्रमुख बीमा कंपनी के कार्डधारकों हेतु निः शुल्क कैशलेस एवं रिइम्बर्समेंट चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध हैं

CAPF CGHS ECHS MAGMA STAR 50+ Insurance एवं TPA कंपनियां

प्रतिदिन आस्था चैनल व इंडिया टीवी या यू ट्यूब आदि से जुड़कर योग अभ्यास करें

प्रातः 5 से 7:30 और सायं 8 से 9 बजे | आस्था LIVE | संस्कार रोज रात 9:00 बजे | INDIA TV रोज सुबह 8:00 बजे | YouTube Swami Ramdev | Acharya Bal Krishna

घर बैठे 24x7 निःशुल्क टेलीमेडिसिन सेवा द्वारा रोगों का उपचार जानने एवं हमारे सीनियर वैद्य से वैद्यकीय परामर्श लेने हेतु टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें 1800 296 1111


CHAITANYA
GREENS
Rera No. - PCGRERA080219000915
https://rera.cgstate.gov.in
WHY CHOOSE
CHAITANYA GREENS?
READY HOMES. READY RENTAL INCOME.
RENTAL MANAGEMENT INCLUDED.
*No registration charges. *Valid till 26th September
2 BHK & 3 BHK
SADDU, RAIPUR
847-0077-222


CHAITANYA BUSINESS PARK
CG RERA
PCGRERA070522001414
Why Choose
Chaitanya Business Park?
Ready Possession
Interconnected Multi-level parking
Prime Connectivity
Buy/Lease
CBP
CHAITANYA BUSINESS PARK
NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR
7045077772

चिंतन

# भरोसेमंद दोस्त के साथ और बढ़ेगा सहयोग

भारत और रूस के संबंध केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहे हैं। बदलती वैश्विक परिस्थितियों और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच भी दोनों देशों के बीच विश्वास और रणनीतिक सहयोग कायम है। रूस हमेशा से ही भारत का भरोसेमंद साथी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र विदेश नीति पर आगे बढ़ रहा है। खास बात यह है कि दोनों नेताओं की दो सप्ताह में यह दूसरी मुलाकात है। इससे भारत-रूस संबंधों को मिल रहे महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। बैठक में व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, उर्वरक, महत्वपूर्ण खनिज, विनिर्माण, रेलवे और इस्पात जैसे क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा हुई। यह दायरा बताता है कि दोनों देशों के रिश्ते अब केवल रक्षा और ऊर्जा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक और तकनीकी साझेदारी के नए क्षेत्रों में भी विस्तार पा रहे हैं। भारत-रूस संबंधों की मजबूती का सबसे बड़ा आधार ऊर्जा सहयोग है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा। भारत का तर्क भी स्पष्ट है कि 140 करोड़ से अधिक आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और किफायती ऊर्जा आपूर्ति जरूरी है। वर्ष 2026 में भारतीय कच्चे तेल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी जुलाई में रिकॉर्ड 51 प्रतिशत तक पहुंच गई। यह आंकड़ा रूस के भारत की ऊर्जा सुरक्षा में बढ़ते महत्व को दर्शाता है। रक्षा क्षेत्र दोनों देशों की साझेदारी का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत लंबे समय से रूसी सैन्य प्लेटफॉर्म और तकनीक का उपयोग करता रहा है। अब सहयोग का जोर केवल हथियार खरीदने के बजाय संयुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और भारत में निर्माण पर होना चाहिए। सुखोई-57 और एस-500 जैसी प्रणालियों पर संभावित सहयोग, ब्रह्मोस जैसी संयुक्त परियोजनाएं और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी आने वाले वर्षों में संबंधों को नई दिशा दे सकती हैं। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति के साथ रूस किस तरह खुद को जोड़ता है, यह महत्वपूर्ण होगा। इसी बीच ब्रिक्स का बढ़ता प्रभाव भी इस मुलाकात को व्यापक संदर्भ देता है। पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में दुनिया की 40 प्रतिशत से अधिक जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई, जबकि जी-7 की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत रही। वैश्विक आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स की हिस्सेदारी आधे से अधिक रही, जबकि जी-7 का योगदान 18 प्रतिशत रहा। उन्होंने इसकी बड़ी वजह ब्रिक्स देशों की अधिक आबादी और तेजी से बढ़ते घरेलू बाजारों को बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ब्रिक्स बिजनेस फोरम में कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये देश दुनिया की 40 प्रतिशत जीडीपी और 25 प्रतिशत से अधिक वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी रखते हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि ब्रिक्स अब केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली ताकत बन चुका है। ऐसे समय में रूस के साथ मजबूत संबंध भारत के लिए केवल पुरानी दोस्ती निभाने का विषय नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, आर्थिक हित और रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने का माध्यम हैं। भरोसे की नींव पहले से मजबूत है। अब जरूरत है कि भारत और रूस इस भरोसे को व्यापार, तकनीक, उत्पादन और विकास की ऐसी साझेदारी में बदलें, जिसका लाभ दोनों देशों की जनता को मिले।

# 'जेन जी' ने बदल दिया चुनावी सिलेबस



मुद्दा
राजकुमार सिंह

राजनीतिक दलों-नेताओं पर दिख रहा है। नौकरी देने के अधूरे वादों के अलावा याद नहीं पड़ता कि देश में कभी शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को शासकीय तो दूर, चुनावी एजेंडा में भी प्राथमिकता मिली हो। युवाओं की बढ़ती आबादी के मद्देनजर 'युवा भारत' के नारे सुने जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहतर शिक्षा और उपयुक्त रोजगार देकर देश के विकास की मुख्यधारा का इंजन बनाने की योजना सामने नहीं आई। अंतहीन पेपर लीक और भर्ती घोटालों की तलवार अकसर युवाओं के भविष्य पर लटकी नजर आई। कटु सत्य यह भी कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के भविष्य से इस खिलवाड़ पर छात्रों-युवाओं के नाम पर बने राजनीतिक दलों के संगठन भी मूकदर्शक बने रहे।

अंतिम परिणति तो नतीजे ही बताएंगे, लेकिन 'जेन जी' के जंतर-मंतर प्रयोग ने चुनावी सिलेबस बदल दिया है। इसका दबाव राजनीतिक दलों-नेताओं पर दिख रहा है। नौकरी देने के अधूरे वादों के अलावा याद नहीं पड़ता कि देश में कभी शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को शासकीय तो दूर, चुनावी एजेंडा में भी प्राथमिकता मिली हो। युवाओं की बढ़ती आबादी के मद्देनजर 'युवा भारत' के नारे सुने जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहतर शिक्षा और उपयुक्त रोजगार देकर देश के विकास की मुख्यधारा का इंजन बनाने की योजना सामने नहीं आई।

अंतहीन पेपर लीक और भर्ती घोटालों की तलवार अकसर युवाओं के भविष्य पर लटकी नजर आई। कटु सत्य यह भी कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के भविष्य से इस खिलवाड़ पर छात्रों-युवाओं के नाम पर बने राजनीतिक दलों के संगठन भी मूकदर्शक बने रहे। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का ऑनलाइन जन्म सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की एक टिप्पणी के चलते हुआ, लेकिन जंतर-मंतर पर और उसके बाद उसे मिल रहा समर्थन छात्रों और युवाओं के मुद्दों की अनवरत अनदेखी का परिणाम भी है। बेशक जंतर-मंतर पर और उसके बाद भी सीजेपी से कुछ राजनीतिक दलों-नेताओं का मेलजोल नजर आ रहा है, लेकिन इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि देश के सभी दलों के शासन वाले राज्यों में पेपर लीक और भर्ती घोटाले होते रहे हैं। इसीलिए अब छात्र और युवा, जाति-धर्म-क्षेत्र-राजनीतिक रुझान की सीमाएं लांघ कर शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर कमोवेश सभी राज्यों में सड़क पर उतर रहे हैं। जंतर-मंतर के बाद झारखंड में भी छात्रों-युवाओं का सफल आंदोलन और उसका राजनीतिकरण दिखा, तो अब स्कूली शिक्षा की बदहाली के विरुद्ध राज्य-दर-राज्य 'जेन अल्फा' के भी सड़क पर उतरने की खबरें हैं। जिन छात्र-छात्राओं को स्कूल-कॉलेज कक्षाओं में होना चाहिए, उनका सड़क पर उतरना देश-समाज की सकारात्मक तस्वीर पेश नहीं करता, पर उन्हें व्यवस्था ने ही मजबूर किया है। जिस देश में बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'मिड डे मील' जैसी योजना चलायी जा रही हो, वहां विलय के नाम पर लगभग एक लाख स्कूल बंद कर दिया जाना शिक्षा के अधिकार और 'नेबरहुड स्कूल' की सोच के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान है। यह स्थिति ग्रामीण भारत में ज्यादा है। जिस राजस्थान में स्कूल का निरीक्षण करने गए सीजेपी कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच संघर्ष की खबरें आईं, वहां 611 स्कूल बिना इमारत चलने का आंकड़ा है। जिस स्कूल के निरीक्षण पर विवाद हुआ, वह एक तबेले में चल रहा था, जिसे अब स्थानांतरित कर दिया गया है। बिना भवन और पर्याप्त शिक्षकों के स्कूल चलने की शिकायतें देश भर में आम हैं, पर उनका निराकरण करने के बजाय बिना अनुमति स्कूल में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। व्यवस्था की दृष्टि से यह प्रतिबंध उचित लग सकता है, पर स्कूल की खामियां देखने-दिखाने की अनुमति भला कौन-सा प्रशासन देगा? कुछ राज्यों से स्कूली बच्चों के पैदल जिला मुख्यालय पहुंच कर स्कूल की बदइंतजामी प्रशासन को बताने की खबरें भी यही बताती हैं कि निगरानी जिनकी जिम्मेदारी है, वे



अपना काम नहीं कर रहे। हमारे यहां निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की त्रिस्तरीय व्यवस्था है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के लिए निर्वाचित जन प्रतिनिधि भी जवाबदेही से मुक्त नहीं हो सकते। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की है। आंकड़े जो भी कहें, सच यह है कि छात्र-शिक्षक और नागरिक-चिकित्सक अनुपात 'विकसित भारत' के सपने से मेल हरगिज नहीं खाता। स्कूल शिक्षा व्यवस्था की बुनियाद है। बुनियाद ही बदहाल है तो उस पर बनने वाली इमारत के हाल की कल्पना ही की जा सकती है। कुछ छात्र मेहनत और किस्मत से प्रतियोगी परीक्षाओं की दहलीज तक पहुंच जाते हैं तो पेपर लीक और भर्ती घोटाले सपने चकनाचूर करने का चक्रव्यूह रचे तैयार मिलते हैं। पेपर लीक के लिए अकसर कोचिंग माफिया पर उंगली उठती है। बेशक कोचिंग का दिन दूना-रात चौगुना फैलता कारोबार पाक-साफ नहीं है, पर उसके लिए निगरानी तंत्र बनाने की जिम्मेदारी किसकी है? राजनीतिक-पुलिस-प्रशासनिक संरक्षण बिना ही कोचिंग माफिया इतना ताकतवर हो गया? तमाम राजनेता शिक्षण संस्थान चला रहे हैं, तो कारोबारियों को भी शिक्षा क्षेत्र का मोटा मुनाफा आकर्षित कर रहा है। राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार से ग्रस्त शिक्षा- परीक्षा तंत्र से निष्पक्षता और पारदर्शिता की अपेक्षा ही बेमानी है। राज्य-दर-राज्य अदालत में चुनौती दी गयीं या रद्द कर दी गयीं भर्तियों की फेहरिस्त बहुत लंबी बन सकती है, पर वह नौबत तो तभी आती है, जब प्रक्रिया दोषपूर्ण रहे। आखिर दो दशक पहले भी प्रतियोगी परीक्षाएं और भर्ती होती थीं। बेशक तब भी नकल और पेपर लीक के मामले आते थे। भर्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगते थे, पर अपवादस्वरूप, लेकिन अब तो यह परंपरा-सी बन गई है। अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ हमारी व्यवस्था का 'प्रिय शगल' बन गया लगता है। पेपर लीक हो गया तो दोबारा करा देंगे। दोबारा भी लीक हो गया तो तीसरी बार करा देंगे। बेरहम तर्क यह कि छात्र योग्य हैं तो उन्हें दूसरी-तीसरी बार परीक्षा देने में क्यों समस्या होनी चाहिए? दरअसल जंतर-मंतर प्रयोग सरकारी तंत्र की इसी गैर जिम्मेदार सोच पर वार था, पर सीजेपी और 'जेन जी' जानते हैं कि सिर्फ एक मंत्री के इस्तीफे से शिक्षा-परीक्षा तंत्र ठीक होने वाला नहीं। इसलिए अब स्कूलों से ही व्यवस्था को दुरुस्त करने की मुहिम शुरू हुई है। शिक्षा और परीक्षा के बाद लक्ष्य रोजगार ही है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया भी निष्पक्ष और पारदर्शी होना जरूरी है। दशकों में बिगड़ी शिक्षा-परीक्षा व्यवस्था चंद दिनों में दुरुस्त नहीं हो सकती। इसे दुरुस्त करने की जिम्मेदारी भी उसी तंत्र पर है, जिस पर इसे बिगाड़ने के आरोप हैं, पर सकारात्मक संकेत यह है कि इस बाबत 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' का दबाव सभी दल-नेता महसूस कर रहे हैं। यह उनकी अंतर्रात्मा अचानक जाग जाने का परिणाम नहीं है। इसके मूल में है 'जेन जी' की चुनावी ताकत। अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां 18 से 29 साल के 'जेन जी' मतदाता लगभग 22 प्रतिशत हैं। इनकी ताकत का अंदाजा इस आंकड़े से लगाया जा सकता है कि पिछले चुनाव में इन राज्यों की ढाई सौ से ज्यादा सीटों पर हार-जीत का अंतर पांच प्रतिशत से भी कम था। जाति-धर्म-क्षेत्र और राजनीतिक विभाजन से मुक्त नजर आ रही 'जेन जी' ने किसी एक ओर रुख कर लिया तो चुनाव उधर ही पलट जाएगा। महत्वपूर्ण आंकड़ा यह भी है कि अगले लोकसभा चुनाव तक 'जेन जी' मतदाताओं का प्रतिशत 29 हो जाएगा। इसीलिए हर दल और नेता अपने-अपने अंदाज में 'जेन जी' को रिझाने में जुटा है। चुनावी सिलेबस में अचानक आए इस बदलाव का असर चुनाव घोषणापत्रों से लेकर टिकट वितरण तक दिखेगा, जो एक सकारात्मक संकेत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पंचायती राज
डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति में पंचायतीराज संस्थाओं का संकल्प

सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने का संकल्प भारत सहित संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी 193 सदस्य देशों द्वारा अभूतपूर्व रुप में अपनाया गया, यह मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और संयुक्त राष्ट्र चार्टर की अधिकार–आधारित आकांक्षाओं पर सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय की अब तक की सबसे व्यापक नैतिक और राजनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसकें मुख्य उद्देश्यों में गरीबी को समाप्त करना और आजीविका के साधन सृजित करना, भुखमरी का अन्त करना, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था एवं उपलब्धता, लैगिंग समानता, शुद्ध एवं स्वच्छ जल की उपलब्धता, उर्जा प्रणालियों को कार्बन मुक्त करना, सभी को सम्मानजनक कार्य की उपलब्धता, उद्योग एवं नवाचार को बढ़ावा देना तथा असमानता में कमी लाना प्रमुख है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 167 देशों में 94वां स्थान प्राप्त किया है। देश का समग्र स्कोर 100 में से 68.30 रहा जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन है और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। नॉर्डिक देश वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए है, जिसमें फिनलैंड (87.40) प्रथम, उसके बाद स्वीडन (86.26) द्वितीय और डेनमार्क (85.68) तृतीय स्थान पर है। संघर्ष और अस्थिरता के कारण मध्य अफ्रीकी गणराज्य तथा दक्षिणी सूडान इस सूचकांक में सबसे कमजोर प्रदर्शन वालों देशों में शामिल है। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत अथक प्रयास करने वाले देशों में शामिल है। वर्ष 2015 में सतत विकास लक्ष्यों को अपनाए जाने के बाद से देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवधि में भारत 112 वें स्थान से 94वें स्थान पर पहुंच गया, अर्थात 18 स्थानों का सुधार हुआ। इससे भारत चीन के साथ उन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है, जिन्होंने इन सूचकांकों की प्राप्ति में सबसे तेज प्रगति की है। आजादी के इस अमृत काल में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा 17 सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प देश की 2.66 लाख ग्रामीण स्थानीय निकायों के माध्यम से 09 विषयगत क्षेत्रकों में सतत विकास लक्ष्यों को समेकित कर, उनके स्थानीयकरण की प्रक्रिया के माध्यम से पंचायत उन्नति सूचकांक के द्वारा लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। पंचायत उन्नति सूचकांक योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई ही नही बल्कि, पंचायतों में आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय को मापने का एक पैमाना है। पंचायत उन्नति सूचकांक एक आंकडा आधारित मूल्यांकन प्रणाली है, जो स्थानीय स्तर पर सतत विकास के प्रदर्षन का आंकलन करती है तथा ग्रामीण स्थानीय निकायों को उनकी उपलब्धियों, विकास संबंधी आवश्यकताओं और सुधार के क्षेत्रें को समझाने में सहयोग करती है। जमीनी स्तर पर आंकडों के संग्रहण और विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने के लिए पंचायत उन्नति सूचकांक 3.0 भी तैयार किया गया है, यह सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से जुडी विभिन्न थीमों और संकेतकों पर पंचायत की प्रगति को मापकर स्थानीय स्तर पर साक्ष्य आधारित विकास योजना तैयार करने में ग्राम सभा को सहयोग प्रदान करेगी। पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में सतत विकास के 17 लक्ष्यों को 09 थीम में विभक्त कर 230 आंकडा बिन्दुओं को चिन्हित कर 150 विशिष्ट स्थानीय सूचकांकों का उपयोग किया गया है। देश की कुल 2,66,999 ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में से 2,59,867 ग्राम पंचायतों (97.32 प्रतिशत) द्वारा साक्ष्य आधारित ग्राम सभा से सत्यापित आंकडे प्रस्तुत किए गए। यह पंचायतीराज व्यवस्था को जमीनी स्तर पर लागू करने के प्रयासों का सुखद परिणाम है, इससे हमारे गांवों की तस्वीर बदल रही है तथा समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति को न्याय प्राप्त हुआ है, और समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठा हुआ व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ा है। यह ग्रामीण भारत की उभरती तस्वीर एवं साक्ष्य आधारित पारदर्शी तथा जवाबदेही शासन का प्रमाण है। पंचायत उन्नति सूचकांक में 09 थीमों–गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका युक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल–हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरियाली युक्त पंचायत, आत्म निर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक रुप से सुरक्षित न्यायपूर्ण पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत में विभक्त कर 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए किया जा रहा सार्थक प्रयास है। अब पंचायतों से अपेक्षा है, कि सेवा का केन्द्र बिन्दु बनकर आत्मनिर्भर बने, और आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय की स्थापना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करें।

पंचायत उन्नति सूचकांक में देश की 97.32 प्रतिषत पंचायतों की रिकार्ड भागीदारी गरीबी उन्मूलन और आजीविका के साधन सृजन तथा स्वास्थ्य देखभाल, पोषण जागरुकता, स्वच्छ प्रथाओं एवं सामुदायिक सहभागिता के मजबूत परिणामों को प्रदर्शित करते है। जिन क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनमें गरीबी–मुक्त एवं उन्नत आजीविका–युक्त पंचायत तथा स्वस्थ पंचायत प्रमुख है। पंचायत उन्नति सूचकांक ग्रामीण भारत में समावेशी, सहभागी एवं सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्रभावी जमीनी कार्यवाही में परिवर्तित करने तथा पंचायतों की भूमिका को और मजबूत करने में सहायक होगा, इसके माध्यम से आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण दिशा में स्थानीय स्तर पर ठोस प्रयासों को गति मिलेगी। आर्थिक रुप से सशक्त एवं सक्षम पंचायतें ही विकसित भारत की मजबूत नींव है।

-ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

## मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भारत की तंबाकू नियंत्रण नीति में बड़ी खामियां**

भारत में तंबाकू नियंत्रण के सामने अब एक नई चुनौती खड़ी हो रही है। बाजार में ऐसे निकोटिन पाउच तेजी से दिखाई देने लगे हैं, जिनमें तंबाकू की पत्ती नहीं होती, लेकिन निकोटिन मौजूद रहता है। छोटे और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले ये पाउच अलग-अलग स्वादों में उपलब्ध हैं। इन्हें दुकानों के साथ-साथ ऑनलाइन भी बेचा जा रहा है। एक अध्ययन में ऐसे निकोटिन पाउच देश के 10 में से 7 शहरों में पाए गए। इनमें निकोटिन की मात्रा भी काफी अधिक थी। इससे साफ है कि यह केवल भविष्य की समस्या नहीं है, बल्कि भारत के बाजार में इसकी मौजूदगी बढ़ रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि तंबाकू न होने के कारण मौजूदा कानूनों में इन उत्पादों की सही जगह स्पष्ट नहीं है। – **संकेत अग्रवाल**, धमतरी

## ट्रेंड

### राष्ट्र-निर्माण कार्य



स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में 'विश्व धर्म संसद' में भारत को मानवता के आध्यात्मिक उत्थान के स्रोत के रूप में स्थापित किया। उनके उस ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ पर, मैं युवाओं से स्वामी जी का भाषण पढ़ने और खुद को राष्ट्र-निर्माण कार्य में समर्पित करने का आग्रह करता हूं। - **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### बघेल की समस्याएं



कांग्रेस ने भूपेश बघेल को असम का प्रभारी नियुक्त किया है। लेकिन मेरी जानकारी में उन्हें असम में कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि वे छत्तीसगढ़ में कई राजनीतिक और व्यक्तिगत समस्याओं में उलझे हुए हैं। - **हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### ब्रिक्स की मेज़बानी



दिल्ली के लिए ब्रिक्स की मेज़बानी करना सम्मान और गर्व की बात है। हम अपने मेहमानों का स्वागत करते हैं कि वे ऐसी राजधानी का अनुभव करें जो कई संस्कृतियों से समृद्ध है और 'वसुधैव कुटुंबकम' की शाश्वत भारतीय भावना से प्रेरित है। - **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### ज़ुल्म रुकते नहीं



आप हर तरह के ज़ुल्म के बारे में तब तक बात करते रहते हैं जब तक आप थक नहीं जाते। ज़ुल्म रुकते नहीं हैं। कभी-कभी वे जगह बदल लेते हैं। कभी-कभी, रिले रेस की तरह, एक ज़ालिम दूसरे ज़ालिम को बंदूक थमा देता है। आप इसे और नहीं सह पाते। - **सुधीर मिश्रा**, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# कलसी दंपति ने ह्यूस्टन विवि को दिए 40 लाख डॉलर दान



भारतीय–अमेरिकी दंपति ने इंजीनियरिंग अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ह्यूस्टन विश्वविद्यालय को 40 लाख डॉलर का दान दिया है। विश्वविद्यालय ने बताया कि ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को दिए गए इस दान से मैकेनिकल और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग में दो स्थायी प्रोफेसर पद, शिक्षकों के शोध के लिए कोष, स्नातक छात्रों के लिए फेलोशिप और एक संगोष्ठी श्रृंखला स्थापित की जाएगी। भारतीय–अमेरिकी इंजीनियर मनमोहन सिंह कलसी और उनकी पत्नी मैरी–लुइस शूबर्ट कालसी ने शोध और शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से यह राशि दान की है। कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रदीप शर्मा ने कहा, ''ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के स्नातक छात्र से लेकर उद्योग जगत के नवोन्मेषक और उद्यमी तक मनमोहन कलसी की यात्रा कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाती है।'' यह योगदान इस दंपति के विश्वविद्यालय के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और मजबूत करता है। मनमोहन कलसी ने ह्यूस्टन विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में परास्नातक और पीएचडी की डिग्री हासिल की थी।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है



अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## ब्रिक्स में बिजनेस फोरम का उद्घाटन

# पीएम मोदी बोले- ब्रिक्स देशों में दुनिया की 40 फीसदी जीडीपी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत ब्रिक्स लीडर्स ने शुक्रवार को ब्रिक्स बिजनेस फोरम में ग्लोबल ट्रेड पर बात की। इसमें सबसे अहम बयान पुतिन का रहा। उन्होंने अमेरिका और यूरोप पर तंज कसते हुए कहा, पश्चिम अब कमजोर हो रहा है, पता नहीं ये देश खुद को जी7 क्यों कहते हैं। दुनिया की 40 प्रतिशत से ज्यादा जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई, जी 7 की हिस्सेदारी सिर्फ 29 प्रतिशत रही। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी बिजनेस फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये दुनिया की 40 प्रतिशत जीडीपी में हिस्सा रखते हैं। भारत व्यापार बढ़ाना चाहता है और इसके लिए सुरक्षित समुद्री रास्ते जरूरी हैं। नई दिल्ली में आयोजित इस फोरम में सदस्य देशों के व्यापारिक दिग्गजों और सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

■ पुतिन का अमेरिका-यूरोप पर तंज

### बाजारों तक पहुंचने में सभी को मदद मिलेगी

भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026 से हमें मौजूदा ग्लोबल आर्थिक माहौल के जोखिमों और अवसरों को समझने और उनसे निपटने में मदद मिलेगी। मुझे पूरा भरोसा है कि ब्रिक्स बिजनेस फोरम पार्टनरशिप को मजबूत करने, बाजारों तक पहुंचने, सप्लाई नेटवर्क को जोड़ने और व्यावहारिक कमर्शियल संबंध बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

### ब्रिक्स की अर्थव्यवस्था बढ़ी, लेकिन जी7 का दबदबा कायम



*रूसी राष्ट्रपति पुतिन के मुताबिक, पीपीपी के आधार पर ब्रिक्स की हिस्सेदारी दुनिया की अर्थव्यवस्था में करीब 40% है, जबकि जी7 की 18%। यानी आर्थिक आकार में ब्रिक्स आगे है। हालांकि जी 7 को कमजोर नहीं माना जा सकता। डॉलर, बैंकिंग, निवेश और तकनीक में उसका प्रभाव अब भी बड़ा है। दूसरी तरफ ब्रिक्स की ताकत बड़ी आबादी, प्राकृतिक संसाधन और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं।*

## सेना के चोरी हुए हाईटेक हथियार बरामद, पूर्व हवलदार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



तेलंगाना पुलिस ने सिकंदराबाद कैंटोनमेंट से चोरी हुए सेना के सभी हथियार जब्त कर लिए हैं। पुलिस के मुताबिक, कैंटोनमेंट में काम करने वाले एक पूर्व हवलदार की मदद से की यह चोरी की गई थी। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, जांच में सामने आई अन्य जानकारियां अभी शेयर नहीं की गई हैं। चोरी का मामला 31 अगस्त को तब सामने आया था, जब मद्रास रेजिमेंट के एक लेफ्टिनेंट कर्नल ने हैदराबाद के मलकाजगिरि पुलिस जोन के बोलाराम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur**



**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

**Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496**
**Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com**

पत्र क्र./RIMC/प्रवेश परीक्षा/2026/3061 रायपुर, दिनांक 12.09.2026

**सूचना**

**राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय (RIMC) देहरादून प्रवेश परीक्षा दिनांक 06 दिसम्बर 2026 (रविवार)**

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय (RIMC) देहरादून में जुलाई 2027 सत्र के लिए आठवी कक्षा में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 06 दिसम्बर 2026 को होना है। RIMC प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया इस लिंक (https://examinationservices.nic.in/ExamSys26Part2/Root/Home.aspx?enc=Ei4cajBkK1gZSfgr531mFQBut9oTMxhETt9bNm6zcP2ghS+a59eor30/A5h2io4z) पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2026 है। उक्त परीक्षा के नियमावली के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु RIMC की वेबसाइट www.rimc.edu.in का अवलोकन किया जा सकता है।

(ऋतुराज रघुवंशी)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर

जी. 262703251/1

## राशिफल



**मेष** जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे।



**वृष** तरक्की के योग बन रहे हैं। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।



**मिथुन** व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।



**कर्क** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी। धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़ेंगे।



**सिंह** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मौके मिलेंगे।



**कन्या** आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।



**तुला** धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। संयम बनाकर रखें।



**वृश्चिक** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



**धनु** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। घर की सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है।



**मकर** परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।



**कुंभ** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। किसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।



**मीन** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

**वंदे मातरम गाने पर विवाद**

# उमर ने पूछा- कांग्रेस क्या चाहती है, कश्मीरी जेल जाएं

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वंदे मातरम के सभी छह पैरा को लेकर जो प्रावधान लागू है, उसका सरकार को पालन करना होगा। वंदे मातरम के दौरान खड़े न होने के कानूनी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने पूछा, 'कांग्रेस क्या चाहती है, कि कश्मीरियों को इस कारण जेल में डाल दिया जाए।' उमर ने कहा कि सरकारी कार्यक्रमों में लागू नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। ये नियम सिर्फ जम्मू-कश्मीर नहीं, बल्कि पूरे देश में सरकारी कार्यक्रमों पर लागू होते हैं।



■ सरकारी कार्यक्रमों में नियम मानना जरूरी

■ पूरा वंदे मातरम गाने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी

### सीएम बोले- पार्टी के फैसले और कानूनी जिम्मेदारी दोनों अलग

हालांकि, उमर ने कहा कि उनकी पार्टी ने कभी वंदे मातरम को पार्टी के तौर पर नहीं अपनाया है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेगी। यह पार्टी की विचारधारा और राजनीतिक फैसले का विषय है। उमर ने कहा कि पार्टी के फैसले और सरकार की कानूनी जिम्मेदारी को अलग-अलग समझना चाहिए। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह में भी राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत दोनों प्रस्तुत किए जाएंगे।

### पांच महीने के बच्चे का अपहरण, दंपति गिरफ्तार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में यहां रेलवे स्टेशन के बाहर से पांच महीने के बच्चे का अपहरण करने के आरोप में मध्यप्रदेश के रहने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि बच्चे को बरामद कर उसके माता-पिता को सौंप दिया गया जबकि आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान संजीव और सीमा के रूप में हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण तिवारी ने बताया कि दोनों को शुक्रवार सुबह करीब 7:10 बजे मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के बसिया गांव स्थित एक मंदिर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दंपति पूजा-अर्चना के बाद लौट रहा था कि तभी दोनों पति-पत्नी को पकड़ लिया गया।

### संसद सत्र के औपचारिक समापन में देरी पर भड़की कांग्रेस, पूछा- क्या पक रहा है?



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को संसद के मानसून सत्र को स्थगित करने के बाद उसके औपचारिक रूप से समाप्त होने में हो रही देरी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार संसद में परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पास कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि मोदी सरकार ने सत्रावसान में देरी का अपना ही 2015 का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। साल 2015 के मानसून सत्र में संसद के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने और सत्रावसान के बीच 28 दिनों का अंतर था, जबकि 2026 के मानसून सत्र में यह अंतर 29 दिनों तक पहुंच चुका है। यह अंतर लगातार बढ़ रहा है और सत्र समाप्त करने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही, जबकि आम तौर पर यह प्रक्रिया सिर्फ तीन से चार दिनों में पूरी हो जाती है। इधर, सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाने का विकल्प फिलहाल खुला रखा है। संसद के मॉनसून सत्र का सत्रावसान नहीं किया था। सरकार ब्रिक्स समिट के बाद विशेष सत्र को लेकर फैसला कर सकती है। ब्रिक्स के बाद सरकार यह तय करेगी कि महिला आरक्षण और परिसीमन बिल को पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया जाए या नहीं।

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, क्रमांक 01 अम्बिकापुर**

**Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in**
**WRD Portal: http://wrd.cgeprocurement.gov.in**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

**आदेश क्रमांक-2548/ व.ले.लि./2026-27 अम्बिकापुर, दिनांक 10.09.2026**

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 15.07.2026 सिस्टम नं. 195549 (द्वितीय आमंत्रण) कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्र0-1 अम्बिकापुर कार्यालय का जीर्णोद्वार कार्य। अनुमोदित लागत राशि रू. 378.35 लाख के निविदा का प्रकाशन किया गया था, जिसका "जी" नम्बर 262702193 दिनांक 17.07.2026 है। को कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर के पत्र क्र. 4264208 / निविदा प्रकोष्ठ / 2026/5356 (टी.सी.) दिनांक 20.08.2026 के तहत निविदा के संबंध में दिनांक 11.08.2026 को केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ द्वारा ऑनलाईन खोला गया। उक्त निविदा के द्वितीय आमंत्रण में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक है।
अत: निविदा निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 01, अम्बिकापुर
कृते - मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर (छ.ग.)

जी. 262703250/6

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 198902 प्रथम आमंत्रण 07.09.2026 | बसंतपुर कारियाम (मुख्य जिला मार्ग क्रमांक 79) कि.मी. 3/6 से 15/10 कुल लंबाई 12.60 कि.मी. में मजबूतीकरण का निर्माण कार्य। | 917.26 |
| 2 | 198903 प्रथम आमंत्रण 07.09.2026 | वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल जिला कांकेर के कांकेर अमोडा नरहरपुर मार्ग के कि.मी. 1/2 से 8/4 = 7.40 कि.मी. का सुद्धीकरण सतह मजबूतीकरण निर्माण कार्य। | 427.82 |
| 3 | 198906 प्रथम आमंत्रण 07.09.2026 | जिला महासमुंद विकासखंड बसना के खैरजुड़ी से धुमाभांठा मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 2.40 कि.मी.) का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 296.51 |
| 4 | 198907 प्रथम आमंत्रण 07.09.2026 | जिला गरियाबंद के गरियाबंद के 40 नग जी.ए.डी. आवासगृह पहुंच मार्ग लंबाई 1.40 कि.मी. निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 359.18 |
| 5 | 198948 प्रथम आमंत्रण 07.09.2026 | डाईट बस्तर विकासखण्ड बस्तर में डाईट ऑफ एक्सीलेंस भवन का निर्माण कार्य विद्युतिकरण एवं पहुंच मार्ग सहित, जमा मद। | 940.20 |
| 6 | 198950 प्रथम आमंत्रण 07.09.2026 | जिला बेमेतरा के मोहगांव बुधवारा मार्ग में सुरही नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 355.09 |
| 7 | 198959 प्रथम आमंत्रण 07.09.2026 | जिला दुर्ग में छत्तीसगढ इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सी.जी.आई.टी.) दुर्ग भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, सेप्टिक टेंक, सम्पवैल, बोरवेल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 274.97 |
| 8 | 198971 प्रथम आमंत्रण 08.09.2026 | लोकभवन सेक्टर 24 नवा रायपुर अटल नगर छ.ग. में निर्माणाधीन आवासीय ब्लॉक में पैसेंजर लिफ्ट की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का निर्माण कार्य। | 321.56 |
| 9 | 199127 प्रथम आमंत्रण 09.09.2026 | भिखारीमाल चौक से डीपापारा स्कूल तक मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 315.15 |
| 10 | 199128 प्रथम आमंत्रण 09.09.2026 | जिला धमतरी के मेघा से खैरझिटी मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. चौडीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। | 860.70 |
| 11 | 199129 प्रथम आमंत्रण 09.09.2026 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के कामेश्वरनगर-रामचंद्रपुर - लुरगी मार्ग के कि.मी. 1 से 33, 44 से 48 = 38.00 कि.मी. का मजबूतीकरण एवं उन्नयन निर्माण कार्य। | 2564.62 |
| 12 | 199130 प्रथम आमंत्रण 09.09.2026 | पी.एम.उषा योजनांतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के एकीकृत परीक्षा हॉल (प्रथम तल) भवन के निर्माण कार्य, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतीकरण सहित, जमा कार्य। | 308.77 |
| 13 | 199188 प्रथम आमंत्रण 09.09.2026 | जिला कोरबा के कटघोरा बायपास मार्ग लंबाई 17.15 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 4.40 कि.मी.) का मजबूतीकरण निर्माण कार्य का शेष कार्य। | 304.92 |
| 14 | 199208 प्रथम आमंत्रण 09.09.2026 | जिला दुर्ग के शासकीय डाईट कॉलेज अछोटी में 50 सीटर नये महिला छात्रावास भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, सेप्टिक टेंक,, लैण्ड स्कैपिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विद्युतीकरण एवं फर्नीशिंग कार्य सहित निर्माण कार्य (जमा मद)। | 298.92 |
| 15 | 199212 प्रथम आमंत्रण 09.09.2026 | जिला सारंगढ बिलाईगढ के सरिया में बहुउद्देशीय हॉल एवं स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग सहित, (जमा मद)। | 755.95 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 से सं.क्र. 04 दिनांक 28.09.2026, स.क्र. 13 से सं.क्र. 15 दिनांक 05.10.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 30.09.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी. 262703256/3

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.egstate.gov.in**
NIT No: 760/2026 Korba Dated 07.09.2026

| Sr. No. | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 198385 (1st Call) | वार्ड क्र. 49 राजीव नगर में डामरीकरण कार्य- 1. राकेश निर्मलकर के घर से धनबाई घर तक डामरीकरण रोड निर्माण। 2. राजीव नगर प्रवेश द्वार से दुर्गा पंडाल तक डामरीकरण रोड निर्माण। 3. नीरज शर्मा के घर से रीना भौमिक के घर तक डामरीकरण रोड निर्माण। 4. गब्बर के घर से धरमु के घर तक डामरीकरण रोड निर्माण। (15वें वित आयोग) | 29.66 |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 07.09.2026 at 15:00 Hours. (IST) onwards.

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation, Korba (C.G.)**

**ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा प्रभाग) छत्तीसगढ़**
**चतुर्थ तल, ब्लाक ए, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर 492002**
**फोन नं. - 0771-2511766**
**email-handloomraipur@gmail.com**

क्रमांक/हा./योजना-2/पुरस्कार/2026-27/1152
नवा रायपुर, दिनांक 10.09.2026

**"राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार योजनांतर्गत" वर्ष 2026-27 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रण हेतु संक्षिप्त विज्ञापन सूचना**

छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के हाथकरघा वस्त्र उत्पादन कला कौशल को संरक्षण प्रदान करने तथा सूती हाथकरघा वस्त्र बुनकरों की कल्पनाशीलता, योग्यता तथा कारीगरी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से **"राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना"** की स्थापना की गयी है। **"राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार योजनांतर्गत"** वर्ष 2026-27 अंतर्गत 02 बुनकरों को पुरस्कार राशि एक-एक लाख रूपये के मान से कुल राशि रू. 2.00 लाख (अक्षरी राशि रू. दो लाख रूपये मात्र) नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह शॉल एवं श्रीफल दिया जावेगा। यह पुरस्कार निर्णायक मंडल द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ दो बुनकरों को दिया जावेगा।

**"राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना"** वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश के सूती वस्त्र बुनाई करने वाले बुनकरों से आवेदन सहित **दिनांक 15.10.2026 सायं 4:00 बजे तक** प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नही किया जावेगा। इस विज्ञापन की विस्तृत जानकारी आवेदन पत्र प्रारूप सहित www.ruralindustries.cg.gov.in में देखी व डाउनलोड की जा सकती है।
संलग्न - उपरोक्तानुसार।
(संचालक, ग्रामोद्योग द्वारा अनुमोदित)

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग हाथकरघा
छत्तीसगढ़ रायपुर

जी. 262703239/1

**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर**

-: विज्ञप्ति :-

**दस्तावेजों के सत्यापन बाबत सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप अभियंता (सिविल / वि.यां.) के रिक्त पदों की भर्ती हेतु समाचार पत्रों के विज्ञापन कमांक जी-242505394 द्वारा जारी विज्ञापन के संबंध में व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम मेरिट सूची के आधार पर निम्न अभ्यर्थियों की निर्धारित अर्हता के सत्यापन हेतु दस्तावेजों का परीक्षण दिनांक 25.09.2026 को समय प्रात: 10:30 बजे से स्थान हॉल क्रमांक-01, लॉबी, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (दूरभाष:-0771-2221656) में किया जाना है। जो निम्नानुसार है :-

**उप अभियंता (सिविल)-** अनारक्षित (मुक्त) के रिक्त पद 03 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25111046, 16031397, 25081079 अनारक्षित (महिला) के रिक्त पद 04 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13021419,13051358, 25121122, 25091340, 16081188, 25011063 अनारक्षित (भू.पू.सै.) के रिक्त पद 05 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16101389, 11021238, 16041235, 13091149, 11021028, 16051330, 16051002, 16031049, 25031241, 25091442, 25051355, 16011252, 17011214, 13121303, 16051040 अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) के रिक्त पद 05 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25111197, 25071154, 25081114, 25041040, 11021231, 25041018, 16041241, 25121330 अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के रिक्त पद 04 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13071216, 16011130, 25041123, 13121182, 13091209, 25021056 अनुसूचित जाति (मुक्त) के रिक्त पद 06 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16031354, 13101336, 13021143, 25021186, 16091153, 25061260, 16101280, 13041040 अनुसूचित जाति (महिला) के रिक्त पद 03 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16031570, 25091326, 13121298, 13021293, 16071070 अनुसूचित जनजाति (मुक्त) के रिक्त पद 07 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25101043, 16061080, 11051098, 16091041, 13081324, 11011412, 11041249, 25111268, 25061399, 25011064 अनुसूचित जनजाति (महिला) के रिक्त पद 03 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16091087, 25071011, 16041357, 16011326, 25091356

**उप अभियंता (वि/या)-** अनुसूचित जाति (मुक्त) के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13192196, 25152122 अनुसूचित जनजाति (मुक्त) के रिक्त पद 02 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13202307, 13142471, 17032147, 13132229 अनुसूचित जनजाति (महिला) के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25192043, 16152335

टीप:- (1) कांउसिलिंग की निर्धारित तिथि को निर्धारित समय 10:30 तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा। कांउसिलिंग में अनुपस्थित रहने पर दोबारा मौका नहीं दिया जायेंगा। उक्त संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। (2) दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने का तात्पर्य यह नहीं है कि संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति की जावेगी। नियुक्ति मेरिट के आधार पर संवर्गवार रिक्त पदों की उपलब्धता अनुसार नियमानुसार की जावेगी। उक्त संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। (3) अभ्यर्थियों को सत्यापन हेतु व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल की अंकसूची, हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, इंजीनियरिंग डिप्लोमा / डिग्री की अंकसूची, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्रों के मूल दस्तावेज एवं एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित लाना अनिवार्य है। वांछित प्रमाण पत्रों के अभाव में कांउसिलिंग में शामिल नहीं किया जावेगा। (4) कांउसिलिंग हेतु व्यापम से प्राप्त मेरिट के अनुसार उम्मीद्वारों को पृथक से पत्र उनके निवास के पते पर प्रेषित किये गये है। (5) कांउसिलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता देय नही होगा।

प्रमुख अभियंता
जी. 262703233/1 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ, अटल नगर

## शब्द पहेली - 6345



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6344 का हल



## सूडोकु नवताल- 6355

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6354 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |



दो माह बाद घटना का हुआ था खुलासा

शहर में लोगों को क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने की खुमारी छाई हुई थी। चारों तरफ इसी की चर्चा हो रही थी। उसके दूसरे दिन शहर में एक कांग्रेसी नेता की गोली मारकर हत्या करने की खबर सुर्खियों में आ गई। लोग क्रिकेट वर्ल्ड कप की बाते करना भूल गए। अब चारों ओर दिनदहाड़े हुए कांग्रेसी नेता के हत्याकांड की चर्चा शुरु हो गई। सड़क पर पुलिस की सायरन वाली वाहने एक के बाद एक पहुंच रही थी। पूरे जिले समेत प्रदेश भर में इस हत्याकांड की गूंज थी। दुर्ग कोतवाली पुलिस शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम कर पतासाजी में जुटी रही। जिस कांग्रेस नेता की हत्या हुई थी, वह कोई नहीं बल्कि पदमनाभपुर निवासी बार संचालक व बीएसपी कर्मी राजकुमार साहू ही थे।

# झारखंड के शूटरों से कराई गई थी कांग्रेसी नेता की हत्या, दहल उठा था शहर

● भिलाई से जेएम तांडी

## जमीन कारोबारी और बार संचालक था मृतक, परसदा के पास से हथियार किया गया जब्त

पूरे जिले समेत प्रदेश भर में इस हत्याकांड की गूंज थी। दुर्ग कोतवाली पुलिस शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम कर पतासाजी में जुटी रही। जिस कांग्रेस नेता की हत्या हुई थी, वह कोई नहीं बल्कि पदमनाभपुर निवासी बार संचालक व बीएसपी कर्मी राजकुमार साहू ही थे। पुलिस जांच में एक के बाद एक कई खुलासे होते चले गए। पुलिस की आरोपी को तलाशने में पसीने छूट रहे थे। दुर्ग कोतवाली पुलिस के मुताबिक 3 अप्रैल 2011 की सुबह राजकुमार साहू पदमनाभपुर वाले मकान से स्कूटी सीजी 07 एलडी 4310 से पोलसाया पारा स्थित सेलुन सुबह 9 बजे पहुंचे। उन्हें अनहोनी का तनिक भी अंदाजा नहीं था। पहले की तरह बिंदास बाल बनवाकर जैसे बाहर निकले, मानों मौत उनका राह ताक ही रही थी। उनके सामने बिना नंबर की बाइक अचानक रुकी। बाइक पर दो नकाबपोश युवक सवार थे। बाइक रोकते ही दोनों युवकों ने राजकुमार साहू की तरफ रिवाल्वर तान दी। राजकुमार कुछ समझ पाते नकाबपोश शूटर्स ने एक के बाद एक चार बार रिवाल्वर से उस पर फायर किया। घटना में राजकुमार के छाती, सीना, सिर व गले में कई जगह गंभीर चोट आई। घटना को अंजाम देने के बाद शूटर पोलसाया पारा दुर्ग के गलियों में समा गए। घटना की खबर दुर्ग समेत पूरे प्रदेश में आग की तरह फैल गई। पुलिस का भी माथा चकरा गया, आखिर दुर्ग में किस नकाबपोश ने कांग्रेसी नेता की हत्या कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया। हत्याकांड से पुलिस को भी अंदर से हिलाकर रखा दिया था। पुलिस ने जांच में दिन रात एक कर दिया, हर पहलुओं जांच की गई। राज कुमार साहू बीएसपी कर्मी भी था। इसके अलावा उनका लंबा चौडा कारोबार भी था। जमीन खरीदी-बिक्री के अलावा उनके नाम पर दुर्ग में एक बार भी संचालित था।

### पुलिस के हाथ लगी डायरी

एक दिन पुलिस के हाथ एक डायरी लगी। उस डायरी ने राज कुमार हत्याकांड का पूरा मामला खोलकर सामने रख दिया। डायरी से पुलिस को पता चला कि राजकुमार साहू अपनी कोई भी बात परिवार के लोगों से शेयर नहीं करता था। उनका एक निजी डायरी हुआ करती थी। इसी डायरी में दुर्ग सुभाष नगर निवासी धर्मेन्द्र शाह से 15 लाख रुपए का लेनदेन का पता चला। अब पुलिस के संदेह के घेरे धर्मेन्द्र आ चुका था। पुलिस के मुखबिर ने पुलिस को बताया कि धर्मेन्द्र और मिलपारा दुर्ग निवासी मोहम्मद गुलजार के घर जगदलपुर का कुख्यात बदमाश मधु नायर को वारदात के कुछ दिन पूर्व आते-जाते देखा गया था। उसके साथ दो अज्ञात युवक भी देखे गये थे। धर्मेन्द्र व गुलजार जमीन के कारोबार में पार्टनर थे। पुलिस को डॉयरी से राजकुमार साहू हत्याकांड की सारी कहानी समझ आ गई। पुलिस ने अपना जांच का दायरा तेज कर दिया। पुलिस को संदेह होने पर भी राजकुमार हत्याकांड में धर्मेन्द्र, गुलजार पर सीधे हाथ डालने से पीछे हट रही थी। पुलिस पूरी तरह घटना से जुड़े सुराग को पुख्ता कर कड़ी से कड़ी मिलाने में जुट हुई थी। तभी झारखंड पुलिस से एक सूचना आई कि भट्टा मोहल्ला हरमू थाना अरगोड़ा निवासी युवक मोहम्मद सलीम, मोहम्मद हुसैन, राज कुमार साहू हत्याकांड के कुछ दिन पूर्व से लापता हैं। पुलिस ने तीनों कड़ियों को जोड़कर घटना की तस्वीर को साफ किया। इसके बावजूद भी पुलिस धर्मेन्द्र व गुलजार पर पुलिस ने हाथ नहीं डाला और हुसैन, सलीम की तलाश में जुट गई। इस दौरान क्राइम ब्रांच की टीम को झारखंड भेजा गया। दस दिन बाद दोनों आरोपी क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गए। दोनों से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि कांग्रेसी नेता राजकुमार की हत्या उन्हीं ने किया है।



### 6 लाख की सुपारी लेकर रास्ते से हटाया

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सलीम व हुसैन दोनों काम की तलाश में जगदलपुर आए थे। दोनों एक गैरेज में काम करते थे। वहीं उनकी पहचान मधु नायर से हुई। मधु ने ही दोनों को धर्मेन्द्र नामक व्यक्ति से मुलाकात करवाया था। यह भी कहा था कि राजकुमार साहू व्यक्ति धर्मेन्द्र को परेशान कर रहा है, उसे रास्ते से हटाना है। इसके एवज में 6 लाख रुपए की सुपारी दोनों को मिलेगी। रिवाल्वर का इंतजाम मधु नायर ने किया। धर्मेन्द्र ने दोनों शुटर सलीम व हुसैन को अपने पार्टनर गुलजार के यहां रुकवाया था। वहीं से राजकुमार साहू को हटाने के लिए साजिश के तहत दोनों रेकी करते रहे। धर्मेन्द्र ने दोनों को बिना नंबर वाली बाइक की व्यवस्था भी कराई थी। इसके बाद आरोपियों ने कई बार राजकुमार का पीछा भी किया, लेकिन उन्हें रास्ते से हटाने का मौका नहीं मिल पाया। सलीम की निशानदेही पर ग्राम परसदा के पास से बंदूक कट्टा पुलिस ने जब्त किया।

### सैलून के बाहर निकलते ही ताना रिवाल्वर

पुलिस ने बताया कि कांग्रेसी नेता राजकुमार साहू को रास्ते हटाने के लिए सलीम व हुसैन पद्मनाभपुर निवास पहुंच गए। राज कुमार जैसे ही अपने घर से बाहर निकले उनके पीछे बाइक पर दोनों रेकी करते हुए सेलुन तक पहुंचे। जैसे ही राजकुमार सेलुन के बाहर निकले दोनों युवक बाइक से उसके सामने आ गए। तुंरत देर न करते हुए सलीम व हुसैन ने सीधे रिवाल्वर से एक के बाद एक गोली चलाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी दोनों शूटरों ने पहले धमेन्द्र को दिया फिर उसके बताये ठिकानों पर दोनों शूटर बाइक से सुभाष नगर होते हुए दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां धर्मेन्द्र ने दोनों को झारखंड जाने वाली ट्रेन में बिठाया था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तार कर उनका बयान लिया उस आधार पर पुलिस ने धर्मेन्द्र और गुलजार को भी हिरासत में लिया था।

### इसलिए हटाया रास्ते से

पूछताछ में खुलासा हुआ कि दुर्ग राजकुमार साहू का कैफेट एरिया स्थल सुभाष नगर दुर्ग निवासी धर्मेन्द्र शाह मिनरल वाटर प्लांट डाल रखा था। उसने राजकुमार साहू से 15 लाख रुपए कर्ज लिया था। वहीं पांच हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से उसका किराया तय किया गया। राशि को लेकर हमेशा धर्मेंद्र और मृतक राजकुमार में विवाद हुआ करता था। इसके चलते धर्मेंद्र ने राजकुमार के हत्या की साजिश रची। उसने में प्लांट के काम करने वाले नौकर मिलपारा निवासी गुलजार को इसे लेकर जानकारी दी। गुलजार ने बचेली जगदलपुर के मधु से संपर्क किया। मधु ने हरमूभट्टा अरगोड़ा से सलीम उर्फ गोलू पिता मोहम्मद असलम हुसैन से संपर्क किया। दोनों को यह कहकर मिलाया गया कि दोनों शूटर हैं। इसके बाद उन्हें दुर्ग बुलाया गया। दोनों ने पहले राजकुमार के बारे में पड़ताल की।

---

जिस सड़क से रोजाना पुलिस और आम लोगों की गाड़ियां गुजरती थीं, उसी सड़क के नीचे पांच साल से एक न्यूज एंकर की मौत का राज दफन था। जनवरी 2019 में अचानक लापता हुई न्यूज एंकर सलमा सुल्ताना के मामले की फाइल जब पुलिस ने राज्य स्तरीय ऑपरेशन मुस्कान के तहत दोबारा खंगाली, तो कई ऐसे सुराग सामने आए, जिन्होंने जांच की दिशा ही बदल दी। पुलिस ने बैंक लेन-देन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर हत्या की गुत्थी सुलझाई। इसके बाद आधुनिक तकनीक की मदद से हाईवे के नीचे दफन सलमा के कंकाल को बरामद किया गया।



● कोरबा से नागेन्द्र श्रीवास

# सड़क बनी कब्र, पांच साल बाद मिला न्यूज एंकर सलमा का कंकाल

## जिस रास्ते से गुजरती थीं पुलिस की गाड़ियां, उसी के नीचे दफन था हत्या का राज

कुसमुंडा थाना क्षेत्र में रहने वाली सलमा सुल्ताना न्यूज एंकर के साथ स्टेज शो भी करती थीं। जनवरी 2019 में उनके पिता के निधन पर आयोजित अंतिम संस्कार में भी सलमा शामिल नहीं हुईं। काफी समय से संपर्क नहीं होने और अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने कुसमुंडा थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मार्च 2023 में तत्कालीन दर्री सीएसपी एवं आईपीएस राबिंसन गुड़िया के नेतृत्व में पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के दौरान पुराने मामले की केस डायरी का बारीकी से परीक्षण किया। जांच में सामने आया कि सलमा के नाम पर यूनियन बैंक से लिया गया लोन घटना के वर्षों बाद भी नियमित रूप से चुकाया जा रहा था। बैंक डिटेल खंगालने पर पता चला कि लोन की ईएमआई गंगाश्री जिम के संचालक और जिम इंस्ट्रक्टर मधुर साहू द्वारा जमा की जा रही थी।

पुलिस ने मधुर साहू की तलाश शुरू की तो वह अपने ठिकाने से फरार मिला। इसके बाद सलमा के दोस्तों और करीबियों से पूछताछ की गई। करीब पांच साल पुराने सीडीआर का विश्लेषण किया गया। दो महिलाओं और तीन पुरुषों के बयानों में विरोधाभास मिलने के बाद पुलिस का शक गहरा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर मामले की पूरी कहानी सामने आ गई।





### चरित्र पर संदेह और वित्तीय विवाद बना हत्या का कारण

पुलिस जांच के अनुसार 21 अक्टूबर 2018 को शारदा विहार में सलमा सुल्ताना और मधुर साहू के बीच आपसी लेन-देन तथा चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद मधुर साहू और कौशल श्रीवास ने कथित रूप से सलमा की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद अतुल शर्मा की मदद से शव को भवानी मंदिर के पास कोहड़िया पुल के समीप दफना दिया गया। पांच साल बाद उसी स्थान पर नेशनल हाईवे बन जाने के कारण शव बरामद करना चुनौती बन गया। पुलिस ने सैटेलाइट डेटा, थर्मल इमेजिंग और ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार की मदद से संभावित स्थान चिह्नित किया और न्यायालय की अनुमति के बाद खुदाई कर सलमा का कंकाल बरामद किया।

### न्यायालय की अनुमति लेकर हाईवे की खुदाई

पांच साल बाद जब पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद करने पहुंची तो वहां का पूरा भूगोल बदल चुका था। जिस जगह शव दफनाया गया था, वहां नेशनल हाईवे बन चुका था। ऐसे में पुलिस के सामने शव तक पहुंचना बड़ी चुनौती थी। पुलिस ने राजधानी से विशेषज्ञों की टीम बुलाकर सैटेलाइट डेटा, थर्मल इमेजिंग और ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार जैसी आधुनिक तकनीकों से सड़क के नीचे जांच कराई। तकनीकी जांच में संभावित स्थान की पुष्टि होने के बाद न्यायालय की अनुमति लेकर हाईवे की खुदाई कराई गई। जेसीबी की मदद से सड़क का हिस्सा खोदा गया और आखिरकार सलमा सुल्ताना का कंकाल बरामद कर लिया गया।

### शव तक पहुंचना बड़ी चुनौती थी

पुलिस ने मधुर साहू पिता अजय कुमार साहू (37), निवासी न्यू अमरैयापारा, कौशल श्रीवास पिता हीरादास श्रीवास (29), निवासी दर्री एरिगेशन कॉलोनी और अतुल शर्मा पिता नरेश शर्मा (26), निवासी रुमगड़ा, थाना बालकोनगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच में सामने आया कि मधुर साहू और सलमा के बीच प्रेम संबंध था। पुलिस के अनुसार सलमा मधुर के कई राज जान गई थीं और उसे लेकर दबाव बना रही थीं। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। जांच के मुताबिक 21 अक्टूबर 2018 को शारदा विहार में आपसी लेन-देन और चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान मधुर साहू और उसके साथी कौशल श्रीवास ने कथित रूप से सलमा की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद अतुल शर्मा की मदद से शव को भवानी मंदिर के पास कोहड़िया पुल के समीप दफना दिया गया।

---

रकम गबन का यह ऐसा मामला है, जिसे सुनकर भी यकीन करना मुश्किल है। जिला सहकारी बैंक की तोरवा मंडी-जगमल चौक शाखा में एक महिला क्लर्क ने सात साल तक 100 से अधिक किसानों के खातों में जमा होने वाली रकम में गड़बड़ी की। किसान बैंक में पैसा जमा करते रहे, लेकिन महिला क्लर्क खातों में राशि की मैनुअल एंट्री करने के बाद रकम बैंक में जमा करने के बजाय घर ले जाती रही। इस तरह करीब 80 लाख रुपए के गबन का खुलासा हुआ। मामला सामने आने के बाद महिला कर्मचारी को बर्खास्त कर उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

## खुलासा हुआ तो कर्मचारी बर्खास्त, एफआईआर दर्ज

# सात साल तक कच्ची पर्ची और मैनुअल एंट्री से चलता रहा गबन का खेल



● बिलासपुर से विकास चौबे

तिफरा निवासी खुशबू शर्मा वर्ष 2012 से जिला सहकारी बैंक की तोरवा शाखा में लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थी। वर्ष 2014 में उसे कैशियर की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। इसी दौरान उसने किसानों द्वारा बैंक में जमा की जाने वाली रकम में गड़बड़ी शुरू कर दी। वह किसानों की पासबुक में हाथ से राशि की एंट्री कर देती थी, लेकिन वास्तविक रकम बैंक खाते में जमा नहीं करती थी। इससे खाताधारकों को लंबे समय तक गड़बड़ी का पता नहीं चल पाया। लगभग सात साल तक कच्ची पर्ची और मैनुअल एंट्री के जरिए यह खेल चलता रहा। इस दौरान महमंद, लालखदान, धूमा, सिलपहरी, बोहारडीह सहित कई गांवों के 100 से अधिक किसानों के खातों से रकम गायब होने की बात सामने आई। बैंक प्रबंधन के अनुसार खाताधारकों की संख्या और अधिक हो सकती है।

जिला सहकारी बैंक के तत्कालीन सीईओ श्रीकांत चंद्राकर के अनुसार प्रभारी शाखा प्रबंधक हितेश सलूजा को एक किसान के खाते से जुड़े वाउचर की जांच के दौरान संदेह हुआ। उन्होंने जमा और निकासी की पर्चियों पर किए गए हस्ताक्षरों में अंतर देखा। इसके बाद उन्होंने जांच का दायरा बढ़ाया। 3 नवंबर 2022 को बैंकिंग कार्य बंद कर वाउचर और रिपोर्ट की जांच की गई। जांच में वर्ष 2016 से कई किसानों के खातों में अनियमितता सामने आई। इसके बाद बैंक स्टेटमेंट की जांच की गई और कैशियर खुशबू शर्मा से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने खाताधारकों की रकम पहले ही निकालकर निजी उपयोग में लेने और पासबुक में हाथ से एंट्री करने की बात स्वीकार की। मैनुअल एंट्री के कारण किसानों को तत्काल गड़बड़ी का पता नहीं चल पाता था। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके बाद बैंक प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की।

### सास-ससुर को भी बनाया आरोपी हाईकोर्ट से मिली राहत

गबन के मामले में आरोपी बैंक कर्मचारी खुशबू शर्मा ने अपने सास-ससुर का नाम भी पुलिस के सामने लिया था। उसने पुलिस को दिए बयान में दावा किया कि उसे ऐसा अपराध करने के लिए सास-ससुर ने मजबूर किया था। अलग मकान में रहने वाले उसके ससुर जानकी प्रसाद शर्मा और सास का बैंक के कामकाज से कोई सीधा संबंध नहीं था। मामले में ससुर जानकी प्रसाद शर्मा के खिलाफ सिविल कोर्ट से भी आदेश पारित हुआ। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में क्रिमिनल पिटीशन दायर की। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के आदेश पर स्थगन दे दिया। इस तरह बुजुर्ग दंपती को राहत मिली।

### चार किसानों के खातों से ही 26 लाख गायब

पुलिस ने जांच के दौरान चार किसानों के बयान दर्ज किए। इनके खातों से ही करीब 26 लाख रुपए गायब होने की बात सामने आई। ग्राम धूमा निवासी किसान भाईराम पटेल (52) के खाते से 9 लाख रुपए, सिलपहरी निवासी पुनुराम पटेल के खाते से 8.57 लाख रुपए, सिलपहरी के ही पन्नालाल गड़रिया के खाते से 8 लाख रुपए और बोहारडीह निवासी प्यारेलाल कैवर्त के खाते से 1.18 लाख रुपए गायब मिले। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने बिलासपुर जिले के महमंद, लालखदान, धूमा, सिलपहरी, बोहारडीह सहित अन्य क्षेत्रों के 100 से अधिक किसानों के खातों में गड़बड़ी की पुष्टि की।

### सहकर्मियों की आईडी का भी किया इस्तेमाल

पुलिस जांच के दौरान खुशबू शर्मा ने प्रभारी शाखा प्रबंधक को दिए लिखित बयान में बताया कि उसने वर्ष 2016 से अलग-अलग शाखा प्रबंधकों और कर्मचारियों की आईडी का दुरुपयोग किया। उसके अनुसार चंद्रकुमार तिवारी की आईडी का वर्ष 2016-17, सुशील की वर्ष 2017-18, देवदत्त साहू की वर्ष 2018-19 और उमेश शुक्ला की वर्ष 2019-20 से संबंधित अवधि में इस्तेमाल किया गया।

# आनंद ज्वेल्स के 'आनंद गोल्ड' का हुआ शुभारंभ

**होलसेल भाव और आकर्षक मेकिंग चार्ज के साथ ज्वेलरी की विस्तृत रेंज**

**पारंपरिक से आधुनिक डिजाइन तक 10 हजार से अधिक विकल्प, किफायती कीमत में ज्वेलरी**




**रायपुर।** आभूषणों की खरीदारी को और बेहतर व किफायती बनाने की दिशा में आनंद ज्वेल्स ने अपने नए ब्रांड 'आनंद गोल्ड' की शुरुआत कर दी है।

गणपति बप्पा के आशीर्वाद से पंडरी रायपुर स्थित नए शोरूम का भव्य शुभारंभ हुआ, इस शोरूम में ग्राहकों के लिए 10 हजार से अधिक ज्वेलरी डिजाइन का विस्तृत कलेक्शन पेश किया गया है। 'आनंद गोल्ड' की सबसे खास बात यह है कि यहां रिटेल ग्राहकों को भी होलसेल भाव में ज्वेलरी खरीदने का लाभ मिलेगा। यानी ग्राहक एमआरपी के बजाय होलसेल मूल्य पर अपनी पसंदीदा ज्वेलरी खरीद सकेंगे। बेहतर कीमत के साथ आकर्षक डिजाइन उपलब्ध कराने की यह पहल ज्वेलरी खरीदारी के अनुभव को एक नया आयाम देती है।

### 916 ज्वेलरी पर कम मेकिंग चार्ज

शोरूम में पारंपरिक से लेकर आधुनिक पसंद तक के अनुरूप ज्वेलरी की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। सोने के आभूषणों के साथ ही, अलग-अलग श्रेणियों में भी ग्राहकों को कई विकल्प मिलेंगे। खास तौर पर 916 शुद्धता वाली ज्वेलरी पर 1.99 प्रतिशत में मेकिंग चार्ज रखा गया है। ऐसे में डिजाइन, गुणवत्ता और कीमत के संतुलन के साथ ग्राहकों को खरीदारी का नया अनुभव देने की कोशिश की गई है। करीब एक दशक से ग्राहक हित को प्राथमिकता देने वाले आनंद ज्वेल्स की ओर से आनंद गोल्ड' के माध्यम से ज्वेलरी बाजार में एक नया प्रारूप पेश किया गया है। एक ही छत के नीचे बड़ी संख्या में डिजाइन और होलसेल भाव में खरीदारी की सुविधा इसे ग्राहकों के लिए खास विकल्प बनाती है।

### केनरा बैंक बांड के जरिए 4,500 करोड़ रुपए जुटाएगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने बासेल-तीन मानकों के अनुरूप अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड के जरिये 4,500 करोड़ रुपये तक जुटाने की घोषणा की। बैंक यह राशि मुख्य रूप से कारोबार विस्तार के लिए जुटा रहा है। केनरा बैंक ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह पूंजी जुटाने की योजना का हिस्सा है।






### भारत का लक्ष्य 6जी की दौड़ में नेतृत्व करना : सिंधिया




**मुंबई।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत का लक्ष्य छठी पीढ़ी (6जी) की मोबाइल प्रौद्योगिकी में दुनिया का नेतृत्व करना और वैश्विक प्रौद्योगिकी मानकों को तय करने वाला देश बनना है। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी के बाजार से आगे बढ़कर प्रौद्योगिकी का निर्माता बन रहा है।सिंधिया ने ''ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026'' में कहा कि भारत 4जी के मामले में दुनिया से पीछे था, लेकिन 5जी में देश ने दुनिया के साथ कदम मिलाया और अब छठी पीढ़ी की मोबाइल संचार प्रौद्योगिकी में दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि भारत का 6जी मिशन पहले ही शुरू हो चुका है।

### बीओआई ने एफसीएनआर से 2.2 अरब डॉलर जुटाए

**मुंबई।** बैंक ऑफ इंडिया ने एफसीएनआर(बी) जमा के जरिये 2.2 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। इससे बड़े जमा की जगह लेने में मदद मिलेगी और इतनी नकदी उपलब्ध होगी कि बैंक की करीब तीन महीने की कर्ज जरूरत पूरी हो सके। नकदी से बैंक करीब एक तिमाही की कर्ज जरूरत पूरी कर सकेगा और बड़े जमा पर उसकी निर्भरता भी कम होगी। कर्नाटक ने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन 2026 के दौरान अलग से बातचीत में कहा, हमने एफसीएनआर (बी) योजना के जरिये 2.2 अरब डॉलर की जमा जुटाई है, जो करीब 20,000 करोड़ रुपये के बराबर है।

### डेकाथलॉन थोक कारोबार पांच साल में 20 गुना बढ़ा

नई दिल्ली। खेल सामान बनाने एवं खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी डेकाथलॉन स्पोर्ट्स इंडिया के थोक कारोबार में पिछले पांच वर्षों में 20 गुना वृद्धि हुई है। कंपनी के कारोबार में हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत है। कंपनी पंजीयन में दाखिल के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में डेकाथलॉन इंडिया की परिचालन आय 4,133.10 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने फिलहाल वित्त वर्ष 2025-26 के आंकड़े आरओसी के पास दाखिल नहीं किए हैं। डेकाथलॉन का थोक कारोबार देशभर में 20,000 से अधिक पिन कोड तक सामान पहुंचा रहा है।

# देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया चार्जिंग में आगे : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई



इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन चार्जिंग गतिविधियों में सबसे आगे हैं, जबकि चार पहिया वाहन कुल खपत होने वाली ऊर्जा का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल करते हैं। एक रिपोर्ट में बात कही गई। रिपोर्ट के अनुसार इससे पता चलता है कि चार्जिंग बुनियादी ढांचे को वाहनों की संख्या और उनकी ऊर्जा जरूरत, दोनों को ध्यान में रखकर तैयार करने की जरूरत है।

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क संचालक 'बोल्ट.अर्थ' की 'स्टेट ऑफ चार्ज' रिपोर्ट के अनुसार, छह प्रमुख महानगरों में चालू वित्त वर्ष में अब तक हुई चार्जिंग गतिविधियों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 78.1 प्रतिशत रही है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 71.6 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, चार पहिया वाहनों की चार्जिंग गतिविधियों में हिस्सेदारी केवल 16 प्रतिशत रही, लेकिन उन्होंने कुल खपत होने वाली ऊर्जा का 67.3 प्रतिशत इस्तेमाल किया। वित्त वर्ष 2024-25 में यह हिस्सेदारी 58.1 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अंतर ऐसे चार्जिंग बुनियादी ढांचे की जरूरत को दर्शाता है, जो वाहनों की संख्या और उनकी ऊर्जा जरूरत, दोनों को पूरा कर सके।

**छोटे शहरों में मांग तेजी से बढ़ रही**

*वहीं, विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश), राजामहेंद्रवरम (आंध्रप्रदेश) और तिरुवनंतपुरम (केरल) जैसे उभरते मझोले और छोटे (दूसरी और तीसरी श्रेणी) शहरों में मांग तेजी से बढ़ रही है।*

- चार पहिया वाहनों की ऊर्जा खपत ज्यादा
- बुनियादी ढांचा वाहनों की संख्या व जरूरतों के आधार पर हो तैयार

### बेंगलुरू सबसे बड़ा बाजार बना हुआ

रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु 1,90,954 चार्जिंग गतिविधियों और 5,26,990 किलोवाट-घंटे (केडब्ल्यूएच) ऊर्जा खपत के साथ सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है, जबकि हैदराबाद और कोच्चि में महानगरों के बीच वृद्धि सबसे तेज है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में चार्जिंग बुनियादी ढांचे का अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल हो रहा है।

## ब्रिक्स बिजनेस फोरम में केंद्रीय मंत्री का ब्रिक्स देशों से अनुरोध

# गोयल का भुगतान प्रणालियों को जोड़ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार का आग्रह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिक्स के सदस्य देशों से अपनी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने और दुनियाभर में डिजिटल व्यापार को अधिक सुलभ बनाने का शुक्रवार को आग्रह किया।'ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026' के उद्घाटन सत्र को यहां संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

भारत का यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) सालाना 250 अरब से अधिक लेनदेन का आंकड़ा पार कर चुका है, जो दुनियाभर में लेनदेन की संख्या के हिसाब से आधे से अधिक है। उन्होंने कहा, ''आज इसे (यूपीआई को) 11 देशों में भी स्वीकार किया जाता है और मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों तथा साझेदार देशों से आग्रह करूंगा कि वे हमारी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ें, एक-दूसरे की स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करें, डिजिटल व्यापार को वैश्विक बनाएं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए मिलकर काम करें।''

- दुनियाभर में डिजिटल व्यापार को अधिक सुलभ बनाया जा सकेगा
- भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में की पहल
- भारत का यूपीआई सालाना 250 अरब से अधिक का लेनदेन कर चुका




**किसानों के लिए मिलकर समाधान निकाले**

गोयल ने कहा, ''मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों और साझेदार देशों से आग्रह करता हूं कि वे अपने बाजार खोलें तथा साथ ही नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने एवं माल की खेप को तेजी से मंजूरी देने में सहयोग करें।'' उन्होंने खाद्य सुरक्षा के हित में ब्रिक्स देशों के किसानों के लिए मिलकर समाधान विकसित करने के लिए कृषि-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का भी आह्वान किया।

**एक-दूसरे के लिए सेवा बाजार खोले**

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''आइए, वास्तविक अर्थों में एक-दूसरे के लिए अपने सेवा बाजार खोलें। पेशेवरों को सीमाओं के पार आसानी से आने-जाने दें और एक-दूसरे की पेशेवर योग्यताओं को मान्यता देना आसान बनाएं। उन्होंने कहा कि कृषि, दवा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, वाहन, वाहन कलपुर्जे और सेवाओं समेत क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

**ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक चौथाई हिस्सा है**

सत्र को संबोधित करते हुए रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं और सतत भविष्य के लिए एक मजबूत आवाज हैं। रेशेतनिकोव ने कहा, ''हम मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और हरित तथा डिजिटल बदलाव को तेज करने के लिए ठोस कदमों के पक्ष में हैं... रूस विदेशी कारोबारों का हमारे देश में आने के लिए जोरदार स्वागत करता है। आज हम अवसरों की अर्थव्यवस्था हैं।''

- अमेरिका में डीजल की कीमतों का नया रिकॉर्ड
- खाड़ी युद्ध के कारण ईंधन की आपूर्ति में हो रही बाधा

# अमेरिका में डीजल की कीमत छह डॉलर प्रति गैलन के पार

एजेंसी ⏭ शिकागो



अमेरिका में डीजल की कीमतों ने शुक्रवार को एक और नया रिकॉर्ड बनाया और इसका औसत भाव छह डॉलर प्रति गैलन (लगभग 135 रुपये प्रति लीटर) के पार पहुंच गया। वाशिंगटन और ईरान के बीच युद्ध से दुनिया भर में ईंधन की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी हुई। मोटर क्लब 'एएए' (अमेरिकन ऑटोमोबाइल एसोसिएशन) के अनुसार 6.05 डॉलर प्रति गैलन का राष्ट्रीय औसत पिछले सप्ताह के 5.85 डॉलर और पिछले वर्ष इसी अवधि के 3.70 डॉलर प्रति गैलन से अधिक है। डीजल की ऊंची कीमतों का मतलब रोजमर्रा के सामानों की एक लंबी सूची के लिए परिवहन का अधिक महंगा होना है। इसका कारण कई माल ढुलाई और वितरण नेटवर्कों में डीजल का उपयोग किया जाता है। कुछ व्यवसायों ने ऑनलाइन ऑर्डर और डाक पैकेज पर अतिरिक्त शुल्क जोड़कर बढ़ी हुई लागत का बोझ पहले ही उपभोक्ताओं पर डालना शुरू कर दिया है। खरीदारों को विशेष रूप से किराना सामान की दुकानों पर कीमतों के झटके का अधिक सामना करना पड़ सकता है।

**खाद्य पदार्थों पर महंगे डीजल का दबाव :** मांस और कृषि उपज जैसे जल्द खराब होने वाले खाद्य पदार्थों को महंगे डीजल के सबसे तात्कालिक दबाव का सामना करना पड़ता है। इन लागतों का असर खुदरा स्तर तक पहुंचने में समय लग सकता है, लेकिन डीजल की कीमतों में यह उछाल जल्द समाप्त होता नहीं दिख रहा है। इस सप्ताह, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी कच्चा तेल दोनों कई महीनों में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गए।

### विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 44.9 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में रिकॉर्ड 44.90 अरब डॉलर उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 11.47 अरब डॉलर बढ़कर 740.80 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### पेप्सिको को भरोसा, भारत शीर्ष 10 बाजारों में होगा




**गुवाहाटी।** वैश्विक खाद्य एवं पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत उसके दुनिया के शीर्ष 10 बाजारों में शामिल होगा। कंपनी के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा ने कहा कि देश में विनिर्माण क्षमता और खपत की संभावनाएं बढ़ने से निवेश आकर्षित हो रहा है। भारत को दुनिया के सबसे संभावनाशील बाजारों में से एक बताते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी देश की वृद्धि संभावनाओं को लेकर बहुत आशावादी है। कंपनी 2030 तक करीब 5,700 करोड़ रुपये का निवेश कर अपनी क्षमता बढ़ाने और क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की योजना पर काम कर रही है।


**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित**
ग्राम - उरला, पो- बी.एम.वाय. चरोदा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

// निविदा सूचना //

दुग्ध महासंघ द्वारा निम्नानुसार सामग्री / कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा क्रमांक / दिनांक | कार्य विवरण | निविदा प्रपत्र प्राप्त करनें की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र खोलनें की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1973/11.09.2026 | कोयला क्रय हेतु निविदा | 07.10.2026, दोपहर - 04.00 बजे तक | 08.10.2026, को दोपहर 01.00 बजे |
| 2 | 1974/11.09.2026 | दुग्ध संकलन वाहन अनुबंध निविदा | 07.10.2026, दोपहर - 04.00 बजे तक | 08.10.2026, को दोपहर- 01.30 बजे |
| 3 | 1975/11.09.2026 | विभिन्न प्रकार के प्रचार - प्रसार सामग्री प्रदाय एवं स्थापना निविदा | 07.10.2026, दोपहर- 04.00 बजे तक | 08.10.2026, को दोपहर- 02.00 बजे |
| 4 | 1976/11.09.2026 | मॉडल मिल्क पार्लर प्रदाय एवं स्थापना हेतु निविदा | 07.10.2026, दोपहर- 04.00 बजे तक | 08.10.2026, को दोपहर- 02.30 बजे |

ईच्छुक निविदाकार नियम व शर्ते तथा निविदा प्रपत्र दुग्ध महासंघ की वेबसाइटः- www.cgcoopdairyfed.in से प्राप्त कर सकतें है।

प्रबंध संचालक

**कार्यालय, नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला- बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक /1228/ई-निविदा/ लो.नि.वि./2026 चिखलाकसा, दिनांक 11/09/2026

// ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है :-

1. Bid Start Date - 11.09.2026 Time - 17:00
2. Last date for sending of prebid queris Email ID...chiklakasa@gmail.com - 15.09.2026 Time - 17:00
3. Prebid Meeting Meeting link.......... .... https://meet.google.com/sts-iuvv-zqs - 17.09.2026 Time - 16:00
4. Bid Due Date - 28.09.2026 Time-17:00
5. Physical Doc submission End Date - 30.09.2026 Time-15:00
6. Bid Open Date - 30.09.2026 Time-16:00

| S. NO. | System Tender No. | Name of Work | Estimated Cost (In lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 199313 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage TreatmentPlant (STP)Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in NAGAR PANCHAYAT,CHIKHLAKASA under SBM 2.0 | 212.15 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व विभागीय वेबसाईट व http://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा

**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495009
वेबसाईट www.abvv.ac.in ईमेल आईडी registrar@abvv.ac.in

क्रमांक/756/स्था. प्रशा. / 2026 बिलासपुर, दिनांक 12.09.2026

**अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु संक्षिप्त विज्ञापन**

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के 02 विभागों (01 फूड प्रोसेसिंग, 02 होटल मैनेजमेंट) के प्राध्यापक / सह-प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों (04-04 पद) के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था के लिए योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहें हैं।

आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 19.09.2026 को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट:- विस्तृत विज्ञापन विश्वविद्यालय के सूचना पटल (Notice board) एवं वेबसाईट में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संवाद- 49033 कुलसचिव

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**

ईकोर्ट रा0प्र0क्र0 ........ /अ-6/2025-26

// ईश्तहार //

सर्व साधारण ग्राम खाड़ा प0ह0नं0 07 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमत्र बैकुण्ठपुर के पत्र क्रमांक / काय.बै./ भूमि आबंटन / 792 बैकुण्ठपुर दिनांक 23.07.2026 के द्वारा ग्राम पंचायत खांडा के खसरा क्र0 1096 हे0 रकबा 0.1300 हे0 के स्थान पर ख0क्र0 1008 रकबा 0.7000 हे0 में से 0.200 हे0 भूमि को 33/11 में प्रस्तावित 33/11 में एस.टी.एन. योजनान्तर्गत नये केव्ही उपकेन्द्र निर्माण किये जाने भूमि आबंटन किये जाने का निवेदन किया है।

अत: उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 25/09/2026. के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 11/09/2026

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

**एसएलआर/एलवीपीएच को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी सूचना**

ई-नीलामी सूचना सं. लीज-केजीपी-26-14 दिनांक: 10.09.2026

राष्ट्रपति, भारतीय संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा ट्रेनों में पार्सल के परिवहन हेतु 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए एसएलआर/एलवीपीएच को लीज पर देने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसे **https://www.ireps.gov.in/ वेबसाइट** पर सूचित किया गया है। **कैटेगरी:** पार्सल, **कैटलॉग सं.:** लीज-केजीपी-26-14, **ई-नीलामी की तिथि:** 24.09.2026, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11.00 बजे, **नीलामी का अंतिम समय:** 16.20 बजे। इच्छुक पार्टी और ठेकेदार इसका ध्यान रखें एवं ट्रेनों के विवरण और ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर वर्णित वेबसाइट का संदर्भ लें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-751) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग**
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर-492001
वेबसाईट www.cserc.gov.in ई-मेल: cserc.sec@cg.nic.in फोन नं. 0771-4073555

वाहन चालक के पद पर सीधी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा की सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में वाहन चालक (अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित) के रिक्त 01 पद पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 27.09.2026 दिन रविवार समय दोपहर 12:00 बजे से 01:30 बजे के मध्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सड्डू, रायपुर में आयोजित की जा रही है। समस्त उम्मीदवार निर्धारित परीक्षा समय से 1 घंटा पूर्व उपस्थित होवें, ताकि परीक्षा से संबंधित सभी औपचारिकताएं समय से पूर्ण की जा सके।

सभी पात्र उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र स्पीड-पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है, जिन पात्र उम्मीद्वारों को प्रवेश-पत्र प्राप्त नही हुआ है वे उम्मीदवार आयोग कार्यालय या परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते है। परीक्षा के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश आयोग की वेबसाईट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आयोग कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0771-4073555 पर कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

सचिव

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएँ

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

प्रोफार्मा 10-01

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे की निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज़ एसी सिन्गल फेज़ शिरोपरी कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाईन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खण्ड / स्टेशन | मण्डल | तारीख |
|---|---|---|
| विद्युत निर्माण विभाग (बिलासपुर) द्वारा विद्युत, लोको शेड बिलासपुर में नई विद्युत लाइन के इलेक्ट्रिफिकेशन के संबंध पर 25 केवी, सिंगल फेज एसी, 50 हर्टज़, ट्रैक्शन ओएचई की शुरुआत के लिए सार्वजनिक अधिसूचना। (1) बीएसपी इलेक्ट्रिक लोको शेड का विस्तार / बीएसपी फेज़ A (2) ELS/BSP में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निरीक्षण और रखरखाव के लिए एडवांस्ड इंस्पेक्शन सेंटर की स्थापना। दिनांक : 04.09.2026 | बिलासपुर द.पू.म. रेलवे | 15.09.2026 |

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)
सीपीआर/10/389 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.).**

क्रमांक 2685/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 10/09/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 199265 | आलोक सिटी मॉल से श्याम टॉकिज तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 50.64 | 05.10.2026 |
| 2 | 199267 | कारगिल चौक से के.एम.टी. कॉलेज तक तक बी.टी. रोड़ एवं निर्माण कार्य। | 108.96 | 05.10.2026 |
| 3 | 199274 | मुरारी होटल से केवड़ावाड़ी बस स्टैण्ड से चाँदनी चौक तक बी.टी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 102.36 | 05.10.2026 |
| 4 | 199276 | गद्दी चौक से चाँदनी चौक तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 110.00 | 05.10.2026 |
| 5 | 199278 | शहीद चौक से सरस्वती माता की मूर्ति से पैलेस रोड तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 114.86 | 05.10.2026 |
| 6 | 199282 | निगम ऑफिस से हण्डी चौक तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 148.50 | 05.10.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सागर कांड से ...

आबकारी आयुक्त पीएस एल्मा ने सभी कलेक्टरों को भेजे पत्र में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे और अन्य सार्वजनिक स्थानों से लेकर सीमावर्ती जांच चौकियों, शराब दुकानों, होटल-ढाबों और जंगलों तक निगरानी बढ़ाने को कहा है।

### जंगल और जलस्रोतों ....

को नष्ट करने और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

### *अवैध स्पिरिट और ....*

इसके लिए स्पिरिट के स्रोत और उसके मूल स्रोत तक पहुंचने की कोशिश करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जिले में अवैध स्पिरिट किसी भी रूप में प्रसार न कर सके।

### शराब दुकानों का ....

जांच जांच के दौरान जब्त की गई शराब के नमूने राज्य स्तरीय रासायनिक प्रयोगशाला, आबकारी छत्तीसगढ़ को भेजे जाएंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। यह व्यवस्था खास तौर पर संदिग्ध या जहरीली शराब के मामलों में महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि केवल शराब जब्त करना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उसकी रासायनिक प्रकृति की भी जांच की जाएगी।

### भारत, रूस की ....

अधिक बाजार पहुंच की मांग रखी, ताकि बढ़ते व्यापार घाटे को कम किया जा सके। दोनों पक्षों ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया। वर्तमान में दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार करीब 65 अरब अमेरिकी डॉलर है।

पुतिन को भेंट की खास किताब

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को तमिल भाषा का सबसे प्रसिद्ध और सम्मानित नीति ग्रंथ तिरुक्कुरल का रूसी भाषा में अनुवादित संस्करण भी भेंट किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने भारत में पहली बार आयोजित इनोप्रोम इंडिया प्रदर्शनी का दौरा भी किया। दोनों ने वहां मौजूद प्रतिभागियों से बातचीत की।

एक ही गाड़ी में दोनों ने किया सफर

दुनिया की तमाम उठापठक और अमेरिका-ईरान युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक खास तस्वीर निकलकर सामने आई। द्विपक्षीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की है। दोनों नेता एक कार में सवार होकर भारत मंडपम में प्रदर्शनी के लिए जा रहे हैं।

### हसदेव में बहे ....

देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पहुंचे थे। बताया जाता है कि दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे पिकनिक के दौरान कुछ छात्र नदी के किनारे सेल्फी लेने के लिए पहुंचे। इसी दौरान मुरारी साहू, पवन लाल और सचिन सिंह के साथ यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि नदी किनारे सेल्फी लेने के दौरान एक छात्र का पैर अचानक फिसल गया और वह तेज बहाव में जा गिरा। साथी छात्र को डूबता देखकर दो अन्य छात्रों ने उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी, लेकिन नदी की तेज धार के आगे तीनों खुद को संभाल नहीं सके और बह गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य छात्र-छात्राओं में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही बलौदा थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही नगर सैनिक गोताखोरों की टीम को भी तत्काल बुलाया गया। फिर गोताखोरों की टीम नदी में लापता तीनों छात्रों की तलाश में जुटी । बताया जाता है कि नदी में तेज बहाव होने के कारण रेस्क्यू अभियान बेहद सावधानी से चलाया जा रहा है।

फिलहाल काफी प्रयासों के बावजूद छात्रों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

### अधूरे पुल पर सीएम गंभीर...

गरियाबंद कलेक्टर से फोन पर बात की और निर्देश दिए है कि निर्माणाधीन पुल का निर्माण समय सीमा में होना चाहिए। गौरतलब है, इस मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी गंभीरता से लेते हुए शासन से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। इधर, सीएम के निर्देश के बाद बरसते पानी में अफसरों ने स्पॉट का जायजा लिया और ठेकेदार को फटकार लगाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनसुविधा से जुड़े विकास एवं निर्माण कार्यों को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी निर्माणाधीन कार्यों की नियमित निगरानी करें और जहां भी कार्य की गति धीमी है, वहां बाधाओं को तत्काल दूर कर काम में तेजी लाएं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में लेटलतीफी को गंभीरता से लिया जाएगा और अनावश्यक विलंब के लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### राज्य के सभी कलेक्टरों...

निर्माण में आ रही बाधाओं का तत्काल समाधान किया जाए और कार्य में तेजी लाई जाए। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि स्वीकृत विकास कार्यों का लाभ नागरिकों को निर्धारित समय पर मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुविधा और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

### गरियाबंद कलेक्टर को...

आवागमन में हो रही परेशानी की जानकारी मिलते ही इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने गरियाबंद कलेक्टर रणबीर शर्मा से दूरभाष पर चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और निश्चित समयसीमा तय कर पुल का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही लेटलतीफी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब करने के निर्देश दिए।

### बरसते पानी में पहुंचे कलेक्टर...

इस अधूरे पुल में कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार पर कार्रवाई होगी, एफआईआर तक होगी। उन्होने जनहित के इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। इस मौके पर प्रशासन के अधिकारियों के अलावा सेतु संभाग के तमाम अफसर और ठेकेदार मौजूद थे।

### शिव-विष्णु ने दो लाख 'बेघरों' को सौंपी...

संकल्प को जमीन पर साकार करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 3.65 लाख अतिरिक्त आवासों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने नवगठित सक्ती जिले में कृषि विज्ञान केंद्र खोलने तथा बस्तर संभाग में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे की समय-सीमा 31 अक्टूबर 2026 तक बढ़ाने की घोषणा भी की।

अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने में माताओं-बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में हमारी माताओं-बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और बिहान के माध्यम से महिलाओं को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक 13 लाख 85 हजार दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। यह महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में हो रहे बड़े बदलाव का प्रमाण है। उन्होंने महतारी वंदन योजना योजना का उल्लेख करने के साथ नागरिकों से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और सेवा सेतु पोर्टल का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि बिजली बिल समाधान योजना के अंतर्गत अब तक 750 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया बिजली बिल माफ किए जा चुके हैं।

### मेडिकल छात्र की नशीली दवा...

मिली है। कमरे से नशीली दवा तथा इंजेक्शन मिलने की पुलिस ने पुष्टि की है।

मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले छात्र का नाम विनायक सैनी है। वह राजस्थान, अजमेर का रहने वाला था। विनायक वह एमबीबीएस थर्ड ईयर का छात्र था। मृतक हॉस्टल के फोर्थ फ्लोर पर रहता था। विनायक की लाश थर्ड फ्लोर में उसके दोस्त के कमरे में मिली है। मृतक छात्र के दोस्त ने पुलिस को बताया है कि वह रात नौ बजे के करीब खाना खाने के लिए गया था। रूम वापस लौटने पर उसने देखा की विनायक बेड में औंधे मुंह लेटा है। इसके बाद वह अपने साथियों की मदद से छात्र को उपचार कराने बालाजी अस्पताल लेकर गया। अस्पताल ले जाए जाने पर डॉक्टरों ने ब्राड डेड घोषित कर दिया।

### दो एमएल फेंटानिल से...

दौरान डॉक्टर की देखरेख में एनेस्थीसिया के सहायक के रूप में दिया जाता है। इस दवा की 2-3 मिलीग्राम भी सांस को पूरी तरह रोक सकती है, जिससे व्यक्ति की मौत हो सकती है। यह दवा बहुत जल्दी लत का कारण बनता है और अवैध रूप से भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।

### मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बड़े भाई ढालदास...

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बड़े भाई और सतनामी समाज के गुरु बालदास के बेटे हैं। उनके कांग्रेस प्रवेश से एससी समुदाय की राजनीति में बदलाव होने का संभावना जताई जा रही है। ढालदास ने कहा कि पार्टी में शामिल होने से पहले मैंने अपने भाई और पिता से बातचीत की थी और उन्हें इस बारे में बताया था। दोनों ने अपनी सहमति दे दी। वहीं उनके भाई मंत्री खुशवंत साहेब ने कहा कि कांग्रेस हमेशा तोड़ने की नीति से काम करती है।

### सतनामी समाज की राजनीति....

मोहले चुनाव लड़ते रहे हैं। इसे इस तरह भी देखा जा सकता है कि श्री मोहले के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए समाज का एक और नेता तैयार है। साथ ही एक और दांव भी हो सकता है। ढालदास के भाई व राज्य सरकार के मंत्री आरंग सुरक्षित सीट से पिछले चुनाव में मैदान में उतरे थे। कांग्रेसी राजनीति में अगर कोई बड़ा दांव-पेंच चला तो पार्टी भाई के खिलाफ भाई को उतार सकती है।

### बिजली विभाग के दो कर्मचारियों को...

का कमर्शियल उपयोग होने की चंगोराभाठा के बिजली विभाग के डीसी सेंटर को शिकायत मिली थी। इस शिकायत पर ही विभाग के दो कर्मचारियों की टीम वहां पर जांच करने गई थी। जेई अंजली नामदेव ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि वह अपने सहकर्मी के साथ जब उस घर में जांच करने पहुंची को वहां पर एक महिला नीलम तिवारी मिली, बिजली कनेक्शन धनंजय शर्मा के नाम पर है। कनेक्शन की जांच में पाया गया कि कनेक्शन घरेलू है लेकिन उसका उपयोग व्यावसिक किया जा रहा है। इस मामले में महिला ने पहले कोई भी जानकारी देने से मना किया। बाद में उन्होंने हमको मीटिंग रूप में बैठने के लिए कहा और बताया कि सर आ रहे हैं। बाद में वहां पर राजकुमार देवांगन पहुंचे, उन्होंने बताया कि वे पूर्व आईपीएस हैं और उन्होंने हमारे द्वारा बनाया गया पंचनामा फाड़ दिया और निलंबित भी कराने की धमकी दी। इसके बाद हमको कमरे में ही बंधक बनाकर रख लिया गया।

थाने में शिकायत

इस मामले की लिखित में डीडी नगर थाने में सहायक अभियंता चंगोराभाठा ने शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले की जानकारी देकर एफआईआर दर्ज करने मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

घटना की मुझे कोई जानकारी नहीं

घटना के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है, मैं घटना के समय वहां पर था ही नहीं।

-राजकुमार देवांगन, पूर्व आईपीएस

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS शिव साईटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

Required - Staff required having knowledge of accounting in tally, GST and TDS. The candidate having work experience for minimum two years will be preferred. Contact- 8818989007 (41820)

आवश्यकता है- CA ऑफिस में कार्य करने हेतु अति शीघ्र आवश्यकता है (1) अकाउंटेंट (Tally का ज्ञान अनिवार्य) (2) क्लर्क (न्यूनतम B.Com) अपना रिज्यूमे व्हाट्सएप करें- 75666 60120 (41830)

आवश्यकता है- हॉटल में सफाई कार्य/ हाउस कीपिंग हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है मिले सुबह 10 बजे से 12 बजे हॉटल शिवनेरी लिंकरोड बिलासपुर (41825)

आवश्यकता है- Busy साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन- 10000 से 15000 सम्पर्क करें- यश सुपर बाजार, हरिभूमि के पास गौरव पथ, रिंग रोड नम्बर- 2 बिलासपुर (41828)

आवश्यकता है-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 (41704)

आवश्यकता है- CCTV कैमरा कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है इंस्टॉलेशन, फील्ड कार्य के अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी, अन्य सुविधा चर्चा अनुसार। सम्पर्क करें- Techonica IT Solution राजकिशोर नगर बिलासपुर 8871111809 (41824)

आवश्यकता है- कानूनी पुस्तकों की मार्केटिंग हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता पेमेंट 10000+ कमीशन सम्पर्क करें- आदर्श लॉ हाउस पुराना हाईकोर्ट रोड डीपी विप्र कॉलेज के सामने बिलासपुर 9424163066 (41832)

आवश्यकता है- सिक्यूरिटी एजेन्सी में कार्य करने हेतु लड़के की आश्यकता है वेतन -11000 से शुरू कृपया पूछताछ ना करें अनुभवी व्यक्ति ही सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 (41827)

आवश्यकता है- ऑफिस/ घरेलू देखभाल, रिसेप्शनिस्ट विभिन्न कार्यों एवं पार्लर संबंधित हेतु युवक, युवतियां, महिलाएं (लड़के, लड़कियों) चाहिए फुल टाइम या पार्ट टाइम, अनुभव आवश्यक नहीं, शानदार 12000 वेतन सम्पर्क करें- 9893076853 (41833)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर दुकान में ऑफिस बॉय एवं bussy software में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से कम्प्यूटर सर्विस लाइन, इन्दू चौक बिलासपुर 9977298333 (41829)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स दुकान में लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है। कार्य समय 11am to 9:30pm, सम्पर्क करें- डॉली ड्रेसेस एवं दुबे नर्सिंग होम के सामने मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9893097008, 8815881350 (41816)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वाय चाहिए योग्यता 10वीं, वेतन 9000-10000 पता- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी वेस्ट साइड शोरूम के बाजू, व्यापार विहार रोड बिलासपुर (41822)

आवश्यकता है- एक दम्पति जोड़ा (पति निजी कार चला सके, पत्नी सभी घरेलू कार्य कर सके, आवास सुविधा दी जाएगी) तथा पिकअप चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7869196364 (41811)

आवश्यकता है- शुद्ध शाकाहारी, खाना बनाने वाले यादव, ब्राम्हण एवं घर कार्य हेतु महिला, पुरुष तथा ड्राइवर, प्यून, गार्ड चाहिए। सम्पर्क करें- मॉडर्न एजूकेशनल एकेडमी, आरएसबी कम्पाउन्ड नया सरकण्डा, बिलासपुर 91091 39971, 6260552527 (41813)

आवश्यकता है- बिजी सॉफ्टवेयर के अनुभवी कम्प्यूटर जानकार एकाउंटेंट की आवश्यकता है। अनुभव न्यूनतम 2वर्ष बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- गजानन ग्लास मामा भांजा तालाब पुराना हाईकोर्ट रोड शिव टॉकीज बिलासपुर 9111067200 (41815)

आवश्यकता है- स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करें- भाटिया इंटरप्राइजेज, नेहरू चौक पेट्रोल पम्प के बाजू में बिलासपुर 7587259295 (41823)

आवश्यकता है-100% परमानेंट जॉब भारत में सबसे अधिक स्थायी रोजगार देने वाली righteous limited को आफिस कार्य एवं विभिन्न पदों हेतु 8/10/12वीं स्नातक लड़के/लड़कियों का चयनकर 11000, 13000, 17000, 25000/- आवास बोनस मिलें- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के पास चौपाटी चोपड़ापारा अम्बिकापुर 9669370111, 9584000909, 84358 03535, 7067084579 (20651/41810)

आवश्यकता है- तिफरा स्थित डॉक्टर दंपत्ति के घर की देखभाल और घरेलू कामकाज हेतु लड़की/ महिला की अतिशीघ्र आवश्यकता है। 24घंटे वालों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7693965549, 7024975770, 70000 87824, 8770661585 (41807)

आवश्यकता है-अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कम्प्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यता अनुसार मेस सुविधा आवास फ्री सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 77460 00016 7747000016, 77470 00019 (815)

आवश्यकता है-फोर व्हीलर वर्कशॉप हेतु लड़के/लड़कियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन प्यून चाहिए। वेतन योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें-श्रीबालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज इंदु चौक के पास मगरपारा रोड बिलासपुर (41738)

आवश्यकता है- (1) सिविल साइट सुपरवाइजर (अनुभवी साइट चलाने योग्य) (2) ऑफिस मैनेजर, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी चाहिए सम्पर्क- 9770770000, 98270 72000 (41763)

आवश्यकता है- मेडिकल एजेंसी में रख रखाव, सफाई, पैकिंग, माल डिलीवरी कार्य करने के लिए हेतु कार्यकर्ता की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- यूनिवर्सल ट्रेडर्स 50/51 मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (41814)

आवश्यकता है- जगत फार्मा को दवाई दुकान के लिए मेहनती लड़कों और लड़कियों की आवश्यकता है पद- पिकर, चेकर, पैकर, लोकल डिलीवरी स्थान- तेलीपारा, होटल अजीत के पीछे, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, बिलासपुर (41819)

आवश्यकता है-छत्तीसगढ़ के सभी जिलो मे सीसीटीवी, अलार्म सिस्टम लगाने, मेंटेनेंस कार्य हेतु टेक्नीशियन वायर मैन, हेल्पर, फील्ड वर्कर जो बाहर आने जाने हेतु कार्य कर सके सम्पर्क करें- गेटवे सिक्योरिटी सॉल्यूशन रायपुर 9424267185, 9112114811 (847)

आवश्यकता है-कपड़े के शोरूम में कार्य करने के लिए 3 अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 11000 सम्पर्क करें- रूपवर्षा, सिटी कोतवाली के सामने, गोल बाजार, बिलासपुर 9827163669 (41801)

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सीज में अनुभवी सेल्समेन, अनुभवी एकाउंटेंट, लोकल में माल छोड़ने एवं पैकिंग कार्य करने के लिए लड़को की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जगत एजेन्सीज तेलीपारा बिलासपुर (41818)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर हार्डवेयर शॉप में कम्प्यूटर हार्डवेयर फ्री में सीखना चाहते हैं टोटल प्रेक्टिकल और सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले लड़कों की। सम्पर्क करें- सोना कम्प्यूटर जैन प्लाजा सीएमडी चौक बिलासपुर- 98271 59612 (3189)

आवश्यकता है-नाइट ड्यूटी हेतु नर्स एवं घर में खाना बनाने हेतु महिला या पुरुष की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 9981970853 (41781)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है। रहना, खाना मुफ्त। पता - बलराम टॉकिज के पास, नेहरू नगर, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7748000222 (41802)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM

## बेचना है

बेचना है- T&C कॉलोनी (Golden Park) छतौना रोड में East फेस का प्लाट साइज 23×52= 1196 वर्गफुट गार्डन के सामने स्थित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 8839129098 (41831)

बेचना है- अलका एवेन्यू कॉलोनी उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास बिलासपुर में 34×55= 1870 वर्गफुट पूर्व मुखी प्राइम लोकेशन में 2 प्लाट अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 8839864986 (41826)

बेचना है-TNC प्रोजेक्ट (सर्वसुविधायुक्त Plot & Home) मंगला धुरीपारा रोड एवं रतनपुर मेन रोड से 500 मीटर अन्दर, सेन्दरी मोपका बाईपास फोर लेन के ऊपर बेचना है सम्पर्क करें- 9827157523, 7898318935 (41797)

बेचना है- बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें 7898855268 (41750)

बेचना है- कमर्शियल वाहन बेचना है। टाटा 712, जून 2023 मॉडल, 65000 कि.मी. चली हुई, अच्छी कंडीशन में बेचना है सम्पर्क करें- सरकंडा, विजयापुरम, बिलासपुर 9981517475 (41817)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## शैक्षणिक

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करें:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4171)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते है कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213, 94255-55659
96177-89223, 93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

## खबर संक्षेप



### एशिया कप फाइनल के लिए तैयार भारत : दीप्ति

**दुबई।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद खराब क्षेत्ररक्षण को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि कैच छूटना खेल का हिस्सा है और टीम फाइनल में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं लेकिन उसका क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा है। विशेषकर उसने कई कैच छोड़े। दीप्ति ने कहा, 'क्षेत्ररक्षण में एक टीम के तौर पर हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम अभ्यास के दौरान भी क्षेत्ररक्षण पर काफी ध्यान दे रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कभी-कभी ऐसा होता है, लेकिन हम फाइनल में तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।' फाइनल में भारत का सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान या मौजूदा चैंपियन श्रीलंका से होगा।

### जापान में क्रिकेट को मिलेगा बढ़ावा : फ्लेमिंग



**नई दिल्ली।** जापान के कप्तान केंडल कादोवाकी-फ्लेमिंग और युवा आल राउंडर चार्ली हारा-हिंजे का मानना है कि भारत के खिलाफ 22 सितंबर को होने वाला ऐतिहासिक टी20 मुकाबला सिर्फ एक यादगार मौका नहीं होगा बल्कि बेसबॉल के प्रति जुनूनी देश में क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकता है। भारतीय टीम दोनों देशों के बीच पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए जापान का दौरा करेगी और सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर होने वाला यह मुकाबला आइची-नागोया में एशियाई खेलों से पहले होगा। कादोवाकी-फ्लेमिंग ने कहा, 'यह बेहद रोमांचक है। और मुझे लगता है कि अफगानिस्तान और नेपाल जैसे देशों का जापान आना यहां क्रिकेट के लिए बहुत बड़ा विकास है। कुछ साल पहले तक हमने शायद सोचा भी नहीं होगा कि इसे आयोजित करना संभव होगा।'

### कोरिया के खिलाफ डेविस कप नहीं खेलेंगे भांबरी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी ओपन में मैच से पहले अभ्यास के दौरान दाहिने पांव में खिंचाव आने के कारण भारत के युकी भांबरी का सोल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले में खेलना संदिग्ध है। भांबरी कोरिया के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों के पहले बैच के साथ सोल नहीं गए। इससे उनके इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। भांबरी ने कहा, 'अमेरिकी ओपन में मुख्य ड्रॉ के मैच से पहले अभ्यास के दौरान मेरे पांव में खिंचाव आ गया था। यह मामूली चोट है। मेरे पूरी तरह फिट होने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन यह कोई गंभीर चोट नहीं है।' उन्होंने कहा, 'अभी भी दर्द है। हमें दिन प्रतिदिन इसका आकलन करना होगा। देखते हैं कि आगे क्या होता है।' इस चोट से हालांकि भांबरी की एशियाई खेलों में भागीदारी खतरे में पड़ने की उम्मीद नहीं है।

यूएस ओपन में महिला एकल का महामुकाबला कल आर्थर ऐश स्टेडियम में

# खिताबी हैट्रिक की दहलीज पर सबालेंका, रायबाकिना से भिड़ंत




एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका जानती हैं कि अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के बाद वह विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी नहीं रह जाएगी लेकिन उनका लक्ष्य अब एलेना रायबाकिना को हराकर वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरा करना होगा।

रायबाकिना ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान अपने नाम पर सुनिश्चित कर दिया था लेकिन उनके लिए महिला एकल का खिताब जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध दिखती हैं। अमेरिकी ओपन में महिला वर्ग में आखिरी बार सेरेना विलियम्स ने 2012 से लेकर 2014 तक चैंपियन बनकर खिताबी हैट्रिक पूरी की थी।

### सबालेंका और रायबाकिना 18वीं बार आमने-सामने

दोनों डब्ल्यूटीए टूर पर 18वीं बार आमने-सामने होंगी। सबालेंका 10-7 से आगे हैं। वे मेजर फाइनल में भी तीसरी बार मिलेंगी, पिछले दो मुकाबलों का हिसाब बराबर है। रायबाकिना और सबालेंका पहले भी दो बार मेजर फाइनल में एक-दूसरे से मिल चुकी हैं, दोनों ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में टाइटल क्लैश थे। सबालेंका ने 2023 में जीता हासिल की थी, जबकि रायबाकिना ने 2026 में जीत हासिल कर हिसाब चुकता किया था।

सबसे कम कीमत पर
Antique Jewellery
Gold Rate (x) * with Making %
22k Gold Value | Making Charges | Total %
91.6% + 3.99% = 95.59%
Jewellery Price* per 10 grams.
₹ 1,46,087/-
making charges included
anand® Gold
पंडरी, रायपुर

### मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी : रायबाकिना

रायबाकिना ने सेमीफाइनल में कोको गॉफ को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर महिला टेनिस की शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले का रास्ता साफ किया। सबालेंका के साथ होने वाले फाइनल को लेकर रायबाकिना ने कहा, मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी। हम कई बार खेले हैं। हमने पहले भी अभ्यास किया है। वह बहुत आक्रामक खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, उनके साथ मानसिक और शारीरिक रूप से खेलना मुश्किल है। उनका गेम बड़ा है, सर्व बड़ा है, और मुझे अपनी पूरी ऊर्जा के साथ आना होगा। एरिना के खिलाफ अपनी बेस्ट सर्व लानी होगी और सही समय पर सही फैसले लेने होंगे क्योंकि ज्यादातर समय स्कोर टाइट होता है और यहीं पर फैसले से फर्क पड़ता है। हम देखेंगे कि क्या होने वाला है, लेकिन मैं निश्चित रूप से अपनी पूरी कोशिश करूंगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।



### खिताब जीतने के लिए बेताब हूं : सबालेंका

*सबालेंका ने कहा, 'मैं फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध थी। मैं निश्चित रूप से खिताब जीतने के लिए बेताब हूं।'*

चेन्नई ओपन गोल्फ

# 8 अंडर 64 का कार्ड खेलकर चैंपियन बने विराज मदप्पा




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय गोल्फर विराज मदप्पा ने अंतिम दौर में बिना बोगी के 8 अंडर 64 का कार्ड खेलकर एक करोड़ पुरस्कार राशि के चेन्नई ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

कोलकाता के मदप्पा ने वापसी करते हुए बीती रात शीर्ष पर चल रहे अजीतेश संधू की तीन शॉट की बढ़त समाप्त की। अठाईस वर्षीय मददप्पा (72-67-63-64) इस तरह 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि अपने नाम की। उन्होंने कुल 22 अंडर 266 का स्कोर बनाकर अपना चौथा पेशेवर खिताब जीता। वह 2018 में एशियाई टूर पर खिताब जीतने वाले युवा भारतीय गोल्फर बने थे। इस जीत से वह 23,90,042 रुपए की कमाई से 2026 डीपी विश्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 44वें से 22वें स्थान पर पहुंच गए और डीपी विश्व भारत चैंपियनशिप में अपना स्थान पक्का किया।

### संधू पहुंचे 15वें स्थान पर

चंडीगढ़ के संधू (65-66-68-68) ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला और उन्हें 10 लाख रुपए मिले, जिससे वह 33,47,375 रुपए की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में 21वें से 15वें स्थान पर पहुंच गए। नोएडा के अमरदीप मलिक (67-68-69-67) 33,75,548 की कमाई से 19वें से 14वें स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली के राशिद खान (66-68-72-66) ने अंतिम दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने 52,70,309 की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपना छठा स्थान मजबूत किया।

# सुथार ने बिना रन दिए इंग्लैंड में झटके 3 विकेट फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बनाया बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के उभरते हुए स्पिनर मानव सुथार ने इंग्लैंड में गेंदबाजी से कहर बरपा रखा है। सुथार अभी तक भारत के लिए सिर्फ तीन टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने 23 विकेट लेकर खुद को सबसे आगे रखा है। इतना ही नहीं, उनका जलवा इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में भी जारी है, जहां पर सुथार ने कुछ ऐसा किया कि 131 साल बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट का एक बड़ा रिकॉर्ड देखने को मिला है। सुथार ने इंग्लैंड के एक काउंटी मैच की दो पारियों में गेंदबाजी की और बिना रन दिए तीन विकेट चटका दिए। ऐसा कारनामा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली बार हुआ है।

### मानव का शानदार स्पेल

मानव सुथार श्रीलंका दौरे के ठीक बाद इंग्लैंड रवाना हो गए। सुथार ने इंग्लैंड जाकर वार्विकशर से खेलते हुए ग्लेमॉर्गन के खिलाफ पहली पारी में सिर्फ तीन गेंद फेंकी और इसमें ही एक विकेट चटका दिया। इसके बाद दूसरी पारी में सुथार ने दो ओवर गेंदबाजी करते हुए फिर से दो विकेट हासिल किए, जबकि एक भी रन नहीं दिया। जिससे बिना रन दिए तीन विकेट लेने वाले सुथार 131 साल बाद काउंटी क्रिकेट या फिर फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले गेंदबाज बन गए। सुथार ने तीनों विकेट क्लीन बोल्ड करके लिए और उनसे पहले ये कारनामा 1895 में देखा गया था। सुथार ने दोनों पारियों में कम से कम एक-एक विकेट लिया और पूरे मैच में एक भी रन नहीं दिया, जिससे ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी बने हैं।




## अफगानिस्तानी खिलाड़ियों का प्रैक्टिस सेशन...



**नई दिल्ली।** भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच पहले टी20 क्रिकेट मैच से पहले नई दिल्ली में प्रैक्टिस सेशन के दौरान अफ़ग़ानिस्तान के खिलाड़ी अब्दुल्ला अहमदज़ई, गुलबदीन नायब, मुजीब उर रहमान और राशिद खान अभ्यास करते हुए।

### जूनियर एशिया कप हॉकी:मलेशिया को हराकर फाइनल में भारत

**मोकी।** शानदार फॉर्म में चल रहे कप्तान अनमोल इक्का के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने मलेशिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी बार एएचएफ पुरुष जूनियर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। ड्रैग फ्लिकर अनमोल ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। उनके टूर्नामेंट में अब 16 गोल हो गए हैं। गोलकीपर विवेक लाकड़ा ने भी एक पेनल्टी स्ट्रोक समेत कई शानदार बचाव करके भारत का दबदबा बनाए रखा। भारत की नजरें लगातार चौथे और कुल छठे खिताब पर है। अब उसका सामना पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारत ने आक्रामक शुरुआत की जब अजीत यादव पहले दो मिनट में दो बार मलेशियाई सर्कल में घुसे। भारत को जल्दी ही तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन मलेशिया के गोलकीपर अम्सियार मोहम्मद आदिब ने उन्हें गोल में बदलने नहीं दिया। पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में मलेशिया गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन उसका प्रयास नाकाम रहा। इस बीच भारत को 16वें मिनट में चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान अनमोल ने इसे गोल में बदलकर भारत को बढत दिलाई। अनमोल ने भारत की बढ़त 3-0 की कर दी।

क्रिकेट

# एस्टरहुइजन ने कॅरियर के दूसरा मैच में ठोका शतक




एजेंसी ▶▶| विंडहोक

विंडहोक में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन ने अपने बल्ले का लोहा मनवाया है। उन्होंने मेजबान नामीबिया के खिलाफ खेलते हुए अपने वनडे इंटरनेशनल करियर का पहला शतक जड़ दिया।

अपने केवल दूसरे वनडे मुकाबले में ही शतकीय पारी खेलकर इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

पिछले मैच के शतकवीर और ओपनिंग बल्लेबाज जॉर्डन हरमन मात्र 20 रन बनाकर जल्द ही पवेलियन लौट गए। शुरुआती झटका लगने के बाद क्रीज पर आए कॉनर एस्टरहुइजन ने टोनी डी जॉर्जी के साथ मिलकर पारी को संभाला और दक्षिण अफ्रीका को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### 183 रन की तगड़ी पार्टरनशिप

शुरुआत में थोड़ा समय लेने और संयम से खेलने के बाद एस्टरहुइजन ने आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने टोनी डी जॉर्जी के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 183 रनों की बेहद मजबूत और बड़ी साझेदारी निभाई। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की गेंद पर शानदार छक्का जड़कर अपने वनडे करियर का पहला शतक पूरा किया।

### 110 गेंदों पर ठोके 119 रन

कॉनर की इस आक्रामक और सूझबूझ भरी पारी पर लगाम रुबेन ट्रम्पेलमैन ने लगाई, जिन्होंने 36वें ओवर में उन्हें अपना शिकार बनाया। आउट होने से पहले एस्टरहुइजन ने 110 गेंदों का सामना करते हुए 119 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस विस्फोटक पारी में उन्होंने 8 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के जड़े।

चैंपियंस लीग : बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में मिली बढ़त

# बायर्न म्यूनिख ने बोडो/ग्लिम्ट को दी एकतरफा शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जमाल मुसियाला ने बायर्न म्यूनिख की शुरुआती लाइनअप में वापसी करते हुए पहला गोल किया। इसकी मदद से जर्मन टीम ने यूईएफए चैंपियंस लीग में बोडो/ग्लिम्ट को 5-0 से हरा दिया। बायर्न ने शुरू से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन शुरुआत में मेहमान टीम की पांच लोगों की डिफेंसिव लाइन को तोड़ने में संघर्ष किया।

लुइस डियाज को पांच मिनट बाद पहला हाफ में मौका मिला, जोशुआ किमिच के क्रॉस पर उन्होंने पास से हेडर मारा, लेकिन गोलकीपर निकिता हाइकिन ने उसे बचा लिया।




किमिच का 22 मीटर का शॉट 33वें मिनट में पोस्ट के बाहर लगा, इससे पहले हाइकिन ने पहले हाफ के आखिर में मुसियाला और फिर किमिच को रोका। हाइकिन, जिन्हें बाद में सेव करते समय कमर में दिक्कत हुई, उनकी जगह हाफटाइम में जूलियन फे लुंड ने ले ली, और बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में ही बढ़त मिल गई।

### हम और मजबूत हुए : केन

बोडो/ग्लिम्ट का काम तब और मुश्किल हो गया जब 87वें मिनट में ओडिन ब्योर्ट्फ्ट को पेनल्टी एरिया के पास ओलिस को गिराने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। ओलिस ने फिर स्टॉपेज टाइम में अपना डबल पूरा किया और विंसेंट कोम्पनी की टीम के लिए दूसरे हाफ में पांच गोल किए। जीत के बाद केन ने कहा, हम पहले हाफ में काफी बेहतर थे। हमें बस दरवाजा खुलने तक सब्र रखना था। दूसरे हाफ की शुरुआत में किए गए गोल ने गेम को आगे बढ़ाया और हम और मजबूत हुए।

### डेविस ने की 17 मीटर की स्ट्राइक

हैरी केन को रोकने की कोशिश में व ब्लॉक हो गई, लेकिन मुसियाला ने लूज बॉल को पकड़ा और अपना शॉट बाएं कोने में मार दिया। केन ने 61वें मिनट में माइकल ओलिस की फ्री-किक डिलीवरी पर फे लुंड के पास से हेडर मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। अल्फांसो डेविस ने 77वें मिनट में 17-मीटर का स्ट्राइक करके मैच को आसानी से खत्म कर दिया, जिसके छह मिनट बाद ओलिस ने लेनार्ट कार्ल के पास पर बायर्न के लिए चौथा गोल किया।

भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
***
कानूनी सलाहकार की नियुक्ति
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, केंद्र सरकार और केंद्रीय पीएसयू के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संविदा के आधार पर कानूनी सलाहकार की नियुक्ति के लिए पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।
2. विस्तृत रिक्ति परिपत्र दिनांक 24/07/2026 https://chemicals.gov.in/recruitments वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवार रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं :
उप सचिव (प्रशासन),
रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग
कमरा नं 23051, तीसरी मंजिल,
कर्तव्य भवन - 02, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001
CBC 02101/11/0008/2627






# भारत वाले 'गोंडवाना' महाद्वीप के 80 करोड़ साल पुराने फिंगरप्रिंट मिले

## धरती के इतिहास की सबसे बड़ी खोज!

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों को प्राचीन भू-भाग गोंडवाना के काफी महत्वपूर्ण अवशेष मिले हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि यह एक सुपरकॉन्टिनेंट था। इस खोज से पता चला है कि गोंडवाना बहुत विशाल था और पृथ्वी के कुल भू-भाग का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा इसी का था। यह दक्षिणी गोलार्ध में 800 से 500 मिलियन साल पहले बना था और पृथ्वी पर जटिल जीवन के विकास में इसने अहम भूमिका निभाई थी। 9 सितंबर को 'साइंस एडवांसेज' में छपी एक स्टडी में बताया गया है कि गोंडवाना की सीमाओं का पता लगाने के लिए 25,000 से ज्यादा प्राचीन चट्टानों को इकट्ठा किया गया। अब तक यह माना जाता था कि यह पृथ्वी के दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ था, लेकिन अब पता चला है कि यह पृथ्वी के लगभग 80 प्रतिशत हिस्से में फैला था।

### अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से हुई यह खोज

रिपोर्ट के मुताबिक कैम्ब्रियन विस्फोट जो लगभग 538 मिलियन साल पहले हुआ था और जिसकी वजह से पृथ्वी पर जटिल जीवन पनपा वह गोंडवाना के बनने की वजह से हुआ था। स्टडी करने वाले लेखकों ने कहा कि इससे पता चलता है कि पृथ्वी के अंदर गहराई में होने वाली जटिल प्रक्रियाओं की वजह से ही आज हमारे आस-पास दिखने वाला ज्यादातर जीवन अस्तित्व में आया है। इससे पहले अरबों सालों तक हमारे ग्रह पर सिर्फ साधारण माइक्रोबियल जीव ही मौजूद थे। यह खोज 'डीप-टाइम डिजिटल अर्थ' नाम के एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग से हुई। इस ग्रुप ने इस इलाके से हजारों मैग्मैटिक चट्टानें इकट्ठा कीं और उनके बनने की प्रक्रिया को समझने के लिए एक डेटाबेस बनाया। टीम ने यह पता लगाने के लिए एआी और दूसरी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया कि ये चट्टानें कब और कहां बनी थीं। इससे उन्हें पृथ्वी पर मौजूद रहे दूसरे महाद्वीपों की संरचना को फिर से समझने में मदद मिली।

### पृथ्वी पर बिखरी हुई थीं गोंडवाना चट्टानें

वैज्ञानिकों को पता चला है कि करोड़ों सालों की टेक्टोनिक एक्टिविटी की वजह से गोंडवाना के टुकड़े टूटकर पूरी दुनिया में फैल गए थे। समैरियम और नियोडिमियम एलिमेंट के आइसोटोप गोंडवाना के 'फिंगरप्रिंट' के तौर पर सामने आए और ये नई चट्टानों के अंदर मिले। वैज्ञानिक कॉलिन्स ने 'समैरियम-नियोडिमियम आइसोटोप मैप' को एक टाइम मशीन कहा जो उन्हें अतीत में ले जाती है। उन्होंने कहा टइनकी खास जगह वाली बनावट हमें 50 करोड़ साल पहले बने एक पुराने महाद्वीपीय भू-भाग को पहचानने में मदद करती है।' कैम्ब्रियन विस्फोट से पहले पृथ्वी ठंडी थी। जिन जियोलॉजिकल प्रक्रियाओं ने गोंडवाना को आकार दिया, उन्हीं से 'रिंग ऑफ फायर' भी बनी। इससे वातावरण में भारी मात्रा में ज्वालामुखी गैसें निकलीं जिससे पृथ्वी गर्म हो गई।

# गन्ने के खाली खेत को बना दिया घना जंगल

**केनबरा।** आमतौर पर लोग जमीन इसलिए खरीदते हैं, ताकि वहां अपना सपनों का आशियाना बना सकें, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली एनी शोएनबर्गर की सोच बिल्कुल अलग थी। उन्होंने 2014 में क्वींसलैंड में गन्ने की कटाई के बाद खाली पड़ा एक बड़ा खेत खरीदा। उनका सपना कोई बंगला खड़ा करने का नहीं था, बल्कि वहां एक नया जंगल उगाने का था। खेत खरीदने के बाद वहां पेड़ लगाए गए और आज 10 साल बाद वही बंजर जमीन 1,19,000 पेड़ों वाले घने वर्षावन में बदल चुकी है।



### जीव जंतुओं के लिए बना नया आशियाना

आज ये रेनफॉरेस्ट न केवल घने पेड़ों से भरा है, बल्कि यहां का इकोसिस्टम भी पूरी तरह बदल चुका है। इस जंगल में फ्लाइंग फॉक्स प्रजाति के खास चमगादड़ और 75 से अधिक अन्य जीवों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें कई रेयर जीव शामिल हैं।

### 10 साल की मेहनत और 1,19,000 पेड़

साल 2015 से इस जमीन को सही करने और पेड़ लगाने का काम शुरू किया गया। नाइटविंग्स रेनफॉरेस्ट सेंटर की मदद और सैकड़ों वालंटियर के सपोर्ट से 18 एकड़ जमीन पर पौधे लगाए गए। अकेले 2023 में ही 140 से ज्यादा लोगों ने मिलकर 3,300 पेड़ रोपे थे। धीरे- धीरे एक दशक में यहां 1,19,000 से भी ज्यादा पेड़ लगे और खाली जमीन एक घने वर्षावन में बदल गई।



















### 60 हजार रुपए महीना कमाती है ये कामवाली

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम में रहने वाले शिवा मित्तल ने अपनी मेड के फाइनेंशियल मैनेजमेंट की स्टोरी शेयर की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया कि उनकी हाउस हेल्प हर दिन 5 से 6 घरों में काम करती है और महीने में करीब 60,000 रुपए कमा लेती है। वो 10 हजार रुपए किराया देती हैं, अपनी बेटी को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती हैं और गांव में 6 लाख रुपए की जमीन के लिए हर महीने ईएमआई भी भरती है। शिवा के मुताबिक, 'हम लोग महंगी गाड़ियों, महंगे फोन और लाइफस्टाइल के लिए ईएमआई लेते हैं, जिनकी कीमत समय के साथ घटती है, लेकिन उनकी मेड सिर्फ उन चीजों में पैसे लगाती है, जिनकी कीमत फ्यूचर में बढ़ेगी। बिना किसी इंश्योरेंस या कॉरपोरेट सुरक्षा के, वो रोज सुबह 7 बजे से पहले काम पर निकल जाती है और अपने फ्यूचर के गोल्स को पूरा कर रही हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com